CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665

अंक 02/118 | जयपुर | 17 मई /2025 | शनिवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



कोविड की नई लहर का एशिया में खतरा, बढ़े संक्रमण

## हॉन्गकॉन्ग में कोरोना के 31 मामले, सिंगापुर में 28 प्रतिशत बढ़े, चीन-थाईलैंड में भी अलर्ट

**नई दिल्ली।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं।

हॉन्गकॉन्ग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानकारी दी है। इससे पहले सिंगापुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया है। सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11,110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14,200 हो गई है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है।

आज कोटा समेत 9 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## प्रदेश के तीन जिलों में लू, 45 डिग्री के पार पहुंचा पारा

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ऊपर चला गया। बीकानेर, श्रीगंगानगर और चूरू जिलों में लू चली। तेज गर्मी को देखते हुए शहरों में प्रशासन ने पानी का छिड़काव शुरू करवा दिया है। मौसम विशेषज्ञों ने इन जिलों में अगले तीन दिन तेज गर्मी और लू का दौर बरकरार रहने की आशंका जताई है।

मौसम केंद्र जयपुर ने 17 मई से 20 मई तक कई जिलों में आंधी-बारिश होने की भी संभावना जताई है। शनिवार को कोटा समेत 9 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।



प्रदेश में शुक्रवार को सबसे ज्यादा गर्मी श्रीगंगानगर में रही, जहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री दर्ज किया गया। बीकानेर में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री और चूरू में 45.6 डिग्री दर्ज हुआ। इन शहरों में सुबह से ही लू चलनी शुरू हो गई, जो देर शाम तक जारी रही। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री, बाड़मेर में 44.4 डिग्री और कोटा में 43.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। यहां भीषण गर्मी ने लोगों को झुलसा दिया। राजधानी जयपुर में भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच गया।

### आंधी-बारिश से कंट्रोल होगा तापमान

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में शनिवार से मौसम में बदलाव होगा, जिससे यहां तेज गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान कोटा, उदयपुर संभाग के जिलों में दोपहर बाद आंधी-बारिश का दौर शुरू होगा, जो 20 मई तक चलने की उम्मीद है। इस सिस्टम के असर से 19 और 20 मई को जयपुर, भरतपुर के हिस्सों में भी आंशिक तौर पर देखने को मिल सकता है। इस दौरान झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के एरिया में दिन में धूलभरी तेज हवा भी चलने की संभावना है।

### जयपुर में गर्मी से बचने लिए पानी का छिड़काव शुरू

राजधानी जयपुर में भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने प्रमुख ट्रैफिक चौराहों और मुख्य रोड पर स्मॉग गन से पानी का छिड़काव करवाना शुरू कर दिया। आमजन को ट्रैफिक सिग्नलों पर गर्मी से बचाने के लिए ग्रीन शेड लगाए हैं। जयपुर में दिन के साथ रात में भी गर्मी तेज हो गई। यहां बीती रात न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## स्वामी रामभद्राचार्य और गुलजार को 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। स्वामी रामभद्राचार्य को साहित्य में उनके योगदान के लिए 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके अलावा गीतकार गुलजार को भी 2023 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। हिंदी लेखक विनोद कुमार शुक्ल को 2024 के लिए 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है।

विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया



रक्षामंत्री ने भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं यह सिर्फ ट्रेलर : राजनाथ सिंह

### कहा-समय आने पर दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा- ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले गुरुवार को राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था।



### भुज ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भुज 65 और 71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है।

### पाकिस्तान के हर कोने तक वार करने में सक्षम

राजनाथ ने कहा- कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है।भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किए पाकिस्तान के हर कोने तक वार करने में सक्षम है। पूरी दुनिया ने देखा कि आपने कैसे 9 आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया।

### भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे

राजनाथ ने कहा- इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, अब नेशनल डिफेंस का हिस्सा

राजनाथ ने कहा- अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे। अब भारत पहले का भारत नहीं है, नए भारत का जन्म हो चुका है।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के माथे पर खतरे की लाल लकीर

राजनाथ ने कहा- आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह वह सिंदूर है जो सौंदर्य नहीं, संकल्प का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। भारत का हर नागरिक इसमें सिपाही की तरह भागीदार रहा।

### पाकिस्तान में गिरी मिसाइलों की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी

राजनाथ ने कहा- आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिराई हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। वह गूंज आपके शौर्य की, जवानों के पराक्रम की। भारतीय वायुसेना ने प्रभावी भूमिका निभाई, जिसकी सराहना दुनिया के दूसरे देशों में भी हो रही है। आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व एयरफोर्स ने किया, जो ऐसी स्काई फोर्स है, जिसने अपने शौर्य और पराक्रम से नई ऊंचाइयों को भी छू लिया है।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत दो दिन जयपुर में रहेंगे

### रवि राम आश्रम में सम्मान होगा, निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने जाएंगे पुष्कर



**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत दो दिन जयपुर में रहेंगे। जहां 17 मई (शनिवार) को उनका जयपुर के रवि राम आश्रम में सम्मान किया जाएगा। इसके बाद भागवत अपने निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पुष्कर रवाना होंगे। वहीं, 18 मई को भागवत जयपुर से रवाना होंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत आज एम आई रोड स्थित भारती भवन पहुंचेंगे। जहां उनकी संघ के कार्यकर्ताओं से मुलाकात होगी। भागवत भारती भवन में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद शनिवार को मोहन भागवत सीकर रोड स्थित रवि राम आश्रम जाएंगे। जहां रवि राम महाराज की पुण्यतिथि पर उनका सम्मान किया जाएगा।

### पुष्कर जायेंगे भागवत

इसके बाद मोहन भागवत वहां मौजूद संतों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यकर्ताओं को भी संबोधित करेंगे। वह लगभग 2 घंटे का वक्त रवि राम आश्रम में ही बिताएंगे। इसके बाद वह व्यक्तिगत मुलाकात के लिए रवाना होंगे। जहां से वह शनिवार को ही पुष्कर के लिए रवाना होंगे।

## अजमेर में रिश्ते शर्मसारः पिता ने 10 वर्षीय बेटी से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

अजमेर।

अजमेर में एक पिता ने बाप-बेटी के रिश्ते को शर्मसार किया है। पिता ने 10 साल की अपनी मासूम बेटी से दुष्कर्म किया। घटना हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले में पीड़िता की ओर से राजस्थान महिला कल्याण मंडल की कॉ-ओर्डिनेटर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले में अनुसंधान सीओ नेमीचंद कर रहे हैं।

हरीभाऊ उपाध्याय नगर थाना प्रभारी महावीर शर्मा ने बताया कि राजस्थान महिला कल्याण मंडल और चाइल्ड हेल्प लाइन संस्था ने थाने में शिकायत दी। शिकायत में बताया कि नाबालिग बच्ची ने काउंसलिंग में अपने पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपी पिता ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी कि वह इस बारे में किसी को नहीं बताए। थाना प्रभारी शर्मा ने कहा कि काउंसलिंग में पीड़िता ने बताया कि उसकी मां मजदूरी के लिए जाती है।

## भजनलाल सरकार ने छुट्टियों पर लगी रोक हटाई

### आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत 8 मई को लगाई थी रोक

जयपुर।

राज्य सरकार के कर्मचारियों और अधिकारियों को भजनलाल सरकार ने बड़ी राहत दी है। कर्मचारियों की छुट्टियों पर लगी रोक भजनलाल सरकार ने वापस ले ली है। भारत-पाक तनाव के मद्देनजर आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत 8 मई को आदेश जारी करके सरकारी कर्मियों के अवकाश पर रोक लगा दी थी।

इस आदेश में राज्य के सारे शासकीय विभागों, कार्यालयों में सारे अधिकारियों, कर्मियों के अत्यावश्यक, आपातकालीन हालात के अलावा नहीं होंगे अगले आदेशों तक अवकाश स्वीकृत हो गया। साथ ही उसमें बताया कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृत हैं वे कर्मचारी और अधिकारी अत्यावश्यक या आकस्मिक परिस्थितियों में ही अवकाश का उपभोग कर सकेंगे।

साथ ही यह भी कहा गया था कि जो अधिकारी, कर्मचारी इस समय अवकाश पर हैं,उन्हें यथाशीघ्र अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इन निर्देशों की पालना सुनिश्चित करनी होगी। ऐसा भारत-पाक तनाव के मद्देनजर आपातकालीन स्थिति को देखते हुए 8 मई को यह रोक लगाई थी ताकि आपात स्थिति में काम ज्यादा होने पर प्रबंधन हो सके। कार्मिक विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया।

## भजनलाल सरकार नीट-जेईई की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स का उठाएगी खर्चा

### जयपुर में फ्री कोचिंग के साथ मिलेगा खाना

जयपुर।

राजस्थान की भजनलाल सरकार युवाओं को रोज़गार और अच्छे करियर बनाने के लिए प्रयास कर रही है। ऐसे में सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 1 हजार होनहार छात्रों को मुफ्त JEE और NEET कोचिंग देने की घोषणा की है। यह उन बच्चो के लिए जिन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त किए हैं। विशेष रूप से यह योजना उन छात्रों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं लेकिन पढ़ाई में अत्यंत प्रतिभाशाली हैं।

राजस्थान बना देश का पहला राज्य इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य सरकार प्रत्येक छात्र पर प्रतिवर्ष दो लाख रुपये खर्च करेगी। यह योजना देशभर में राज्य स्तर पर पहली बार किसी राज्य द्वारा इस पैमाने पर लागू की जा रही है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा था, जिसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने तुरंत मंजूरी दे दी।

योजना का लाभ राजस्थान के सरकारी स्कूलों के छात्रों के साथ-साथ RTE (शिक्षा का अधिकार) के तहत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को भी मिलेगा।

## जयपुर में तेज रफ्तार डम्पर की चपेट में आया बजरी व्यापारी, घटनास्थल पर ही हुई मौत

**जयपुर ।** मालपुरा गेट इलाके में खतरनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक बजरी व्यापारी की मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार की सुबह हुआ, जब बजरी व्यापारी दूध लेने सड़क पर निकला था। सड़क पार करते समय डम्पर ने बजरी व्यापारी को पहले जोरदार टक्कर मारी और फिर 50 मीटर तक घसीटता चला गया। पुलिस ने बताया कि बजरी व्यापारी जय नारायण सैनी (50) सांगानेर की भैरव कॉलोनी में रहते थे। वह घर के पास ही गिट्टी-बजरी की दुकान चलाते थे। शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे वह दूध लेने के लिए घर से पैदल निकले थे। इस दौरान डिग्गी रोड पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार डम्पर ने बजरी व्यापारी को टक्कर मार दी, इस हादसे में उनकी मौत हो गई। हादसे के दौरान जय नारायण सैनी डम्पर के टायर के नीचे आ गए, एक्सीडेंट होने के बाद चालक डम्पर छोड़कर फरार हो गया। सड़क हादसे की सूचना पर मालपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इस दौरान सड़क पर जाम की स्थिति बन गई।

## दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद, 10 दिन में 30 सांसद बताएंगे पड़ोसी की करतूत

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है।

दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है।

ऑपरेशन सिंदूर पर अब एमपी के डिप्टी-सीएम का विवादित बयान बोले-

## सेना प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक

### कांग्रेस ने कहा- ये सेना के शौर्य का अपमान

एजेंसी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है।

वे यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, बीजेपी ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।



विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी। कहा, मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। एमपी हाईकोर्ट ने पुलिस को एफआईआर दर्ज का आदेश दिया। मंत्री इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। इस पर सुनवाई सोमवार को होगी।

## ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करेंगे भारतीय सांसद

### अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे, थरूर-ओवैसी रह सकते हैं शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके , दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। वहां की सरकार को आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताएंगे।

विदेश दौरे पर जाने वाले सांसदों की संख्या का अभी पता नहीं चला है। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, एनसीपी (एसपी), बीजद, सीपीआई (एम) के सांसदों के शामिल होने की संभावना है।

भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलिगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनीसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले और AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

विदेश मंत्रालय ने सांसदों को विदेश यात्रा के लिए तैयार रहने को कहा विदेश मंत्रालय सांसदों को डिप्लोमेटिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। सांसदों को 22-23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय यात्रा से जुड़े डिटेल्स शेयर करने के लिए उनसे संपर्क करेगा।

वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि डेलिगेशन में 5-6 सांसदों के 8 ग्रुप्स होंगे। सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय का एक अधिकारी और एक सरकारी प्रतिनिधि भी जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सांसदों का विदेश दौरा कोऑर्डिनेट कर रहे हैं। सांसदों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। उन्हें अपना पासपोर्ट और ट्रैवल से जुड़ी जरूरी डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने की सलाह दी गई है।

काला हिरण शिकार केस में सैफ, नीलम, तब्बू, सोनाली की मुश्किलें बढ़ीं

## हाईकोर्ट पहुंची सरकार, बरी करने को दी चुनौती


**जोधपुर।** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में काले हिरण के शिकार मामले में लीव-टू-अपील पर सुनवाई हुई। इसमें एक्टर सैफ अली खान, एक्ट्रेस तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। एडवोकेट महिपाल विश्नोई के अनुसार, 1 अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया गया था। प्रकरण में ट्रायल कोर्ट ने 5 अप्रैल 2018 को अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी।

तुर्किये की सेलेबी एविएशन ने सरकार पर केस किया:कहा-

## सिक्योरिटी क्लीयरेंस खत्म करने का कारण साफ नहीं

**नई दिल्ली।** तुर्किये की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी एविएशन ने सिक्योरिटी क्लीयरेंस खत्म करने के भारत सरकार के फैसले को चुनौती दी है। दिल्ली की एक कोर्ट में फाइल लीगल पिटीशन में कंपनी ने कहा कि क्लियरेंस कैंसिल करने के पीछे भारत सरकार का कारण साफ नहीं है। गुरुवार, 15 मई को भारत के सिविल एविएशन सिक्योरिटी ब्यूरो ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर सेलेबी का सिक्योरिटी क्लीयरेंस कैंसिल कर दिया था। इसके चलते सेलेबी को तुरंत सभी ग्राउंड हैंडलिंग फैसिलिटीज भारत से हटानी होंगी।

# भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर-2 की सख़्त जरूरत!



किशन सनमुखदास भावनानी

**भारत में जहरीली शराब से नरसंहार कब तक?- मृतकों के घर के चूल्हे उजड़ बन रहे मातमगाह-कब जागेगी सरकारें?भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर- 2 की सख़्त जरूरत ! नकली जहरीली शराब से मृतक के परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान,आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत निचली से ऊपरी कोर्ट तक की प्रक्रिया-पीड़ित परिवारों की जिंदगी समाप्त?**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश के शौकीनों के लिए शराब को एक अमृत रस के रूप में टॉनिक की उपमा दी जाती है। खुशी के अनेकों मौकों पर शराब दावत को देखा जा सकता है। मैं ग्राउंड रिपोर्टिंग में देखा हूं कि, नाम मात्र की परमिशन जरूर होती है परंतु नियमों विनिमयमों कानूनों की धज्जियां जवाबदेही रखने वालों के नाक के नीचे उड़ती है, बंद लिफाफा होटों पर टेप और आखों पर प□ का काम करता है, यह तो हाई प्रोफाइल समिति का उदाहरण है,ठीक वैसे हीबॉटम स्तर पर दारू भ□ियों, मोहल्ला चौकों,में नंबर दो की तथाकथित नकली एथोनल का उपयोग कर बनाई गई शराब का सेवन मध्यम वर्ग, गरीब वर्ग, मजदूर वर्ग करते हैं, यहां भी इन्हीं जवाबदेहों के होटों पर लिफाफे की टेप और आँखों पर प□ लगा दी जाती है, जिनके परिणाम स्वरुप पंजाब में बटाला तरनतारन संगरूर जैसे कांड तथा भारत के अनेकों राज्यों में अनेकों केस होते रहते हैं जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहेहैं,क्योंकि दिनांक 13 मई 2025 को पंजाब अमृतसर के पास मजीठा गांव में जहरीली शराब पीने से देर रात्रि 12 तक मेरी जानकारी के अनुसार 21 लोगों की मृत्यु की खबर मीडिया मेंआ चुकी थी। सीएम साहब ने मृत्को के परिवार वालों को 10 लाख रुपयों के मुआवजे की घोषणा की है,व घटना से जुड़े 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) व 105 (गैरइरादतन हत्या) के साथ आबकारी अधिनियम,अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण)अधिनियम संबंधी धाराएं लगाई गई है। परंतु मैं एक अधिवक्ता होने के नाते देखता रहा हूं कि नकली जहरीली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवजे की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत, निचली अदालत से ऊपरी कोर्ट तक प्रक्रिया चलती है, तबतक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती होगी? चूँकि भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर-2 की सख़्त जरूरत है, तथा सभी राज्यों में एक कॉमन बात कि,नकली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवजे की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी,जमानत बॉटम से ऊपरी कोर्ट तक वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया चलती है तब तक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती है? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में जहरीली शराब का नरसंहार आखिर कब तक? मृतकों के घर के चूल्हे उजड़ बन रहे मातमगाह, कब जागेगी सरकार? बता दें इस आर्टिकल में दी गई जानकारी की सटीकता का प्रमाण नहीं है, क्योंकि यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से उठाई गई है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 13 मई 2025 को जहरीली शराब सेवन कांड की करें तो, अमृतसर:पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब पीने से 21 लोगों की मौत हो गई है, जिससे इलाके में मातम छा गया है, यह घटना ब्लॉक के भंगाली कलां,थारीवाल संघा और मरारी कलां जैसे गांवों में हुई। जिला प्रशासन ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं और 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, उन चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है जो सप्लायरों से शराब खरीदकर गांवों में बेच रहे थे, इस घटना को लेकर पंजाब पुलिस के महानिदेशक(डीजीपी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि,दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नकली शराब के कारण हुई दुखद मौतों के बाद पंजाब पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की, जिनमें मुख्य सरगना और कई स्थानीय विक्रेता शामिल हैं, ऑनलाइन खरीदे गए मेथनॉल का इस्तेमाल नकली शराब बनाने में किया गया था। पूरे मामले की जांच चल रहीहै, ताकि कार्य प्रणाली का पता लगाया जाए और सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए।

साथियों बात अगर हम भारत में जहरीली शराब के कहर: की करें तो,2014 से 2022 तक किस साल कितनी मौतें हुई, (1) 2014: अवैध शराब के सेवन से 1,699 मौतें हुईं। (2) 2015: 1,624 घटनाओं में 1,522 लोगों की जान गई. महाराष्ट्र (278), पुडुचेरी (149) और मध्य प्रदेश (246) में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। (3) 2016: 1,073 घटनाओं में 1,054 मौतें दर्ज की गईं. मध्य प्रदेश (184) और हरियाणा (169) में सबसे ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई। (4) 2017: 1,497 घटनाओं में 1,510 मौतें हुईं. कर्नाटक (256), मध्य प्रदेश (216) और आंध्र प्रदेश (183) में हालात गंभीर रहे। (5) 2018: 1,346 घटनाओं में 1,365 लोगों की जान गई,मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (218) में सबसे ज्यादा मामले सामने आए। (6) 2019: 1,141 घटनाओं में 1,296 मौतें हुईं. मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (268) में स्थिति चिंताजनक बनी रही। (7) 2020: 931 घटनाओं में 947 लोगों की जान गई. मध्य प्रदेश (214) और झारखंड (139) में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। (8) 2021: 708 घटनाओं में 782 मौतें हुईं। उत्तर प्रदेश (137) और पंजाब (127) में सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए। (9) 2022: 507 घटनाओं में 617 मौतें हुईं। बिहार (134) और कर्नाटक (98) में अवैध शराब का कहर जारी रहा।



साथियों बात अगर हम मजीठा कांड में लगाई गई भारतीय न्याय संहिता की धाराओं को समझने की करें तो,भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में धारा 103 हत्या के लिए सजा का प्रावधान करती है, जबकि धारा 105 गैर- इरादतन हत्या के लिए सजा का प्रावधान करती है। धारा 103 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हत्या करता है, तो उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 105 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हत्या की श्रेणी में न आने वाला गैर-इरादतन हत्या करता है, तो उसे आजीवन कारावास या 5 से 10 वर्ष का कारावास और जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 103: हत्या के लिए सजा (1) यदि कोई व्यक्ति हत्या करता है, तो उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी और वह जुर्माने से भी दंडनीय होगा। (2) यदि पांच या अधिक व्यक्तियों का समूह नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य समान आधार पर हत्या करता है, तो ऐसे समूह के प्रत्येक सदस्यको मृत्युदंड या आजीवनकारावास की सजा दी जाएगी और जुर्माना भी देना होगा।

साथियों बात अगर हम अवैध शराब बनने को समझने की करें तो, कैसे बनती है अवैध शराब?कच्ची शराब बनाने के लिए मुख्य रूप से गुड़, पानी और यूरिया का इस्तेमाल किया जाता है, इसमें कई खतरनाक केमिकल भी मिलाए जाते हैं, गुड़ को सड़ाने के लिए ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल किया जाता है, अधिक नशा लाने के लिए नौसादर और यूरिया भी मिलाया जाता है, ये सभी चीजें मानव शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। यूरिया,ऑक्सी टोसिन, गुड़ और पानी को मिलाकर जब फर्मेंटेशन किया जाता है तो इथाइल अल्कोहल की जगह मिथाइल अल्कोहल बन जाता है,मिथाइल अल्कोहल बनने का एक कारण शराब बनाने की प्रक्रिया के दौरान तापमान का सही ध्यान न रखना भी है, इसी मिथाइल अल्कोहल के कारण शराब जहरीली हो जाती है,इसे पीने से होती है मौत-विशेषज्ञों के अनुसार, मिथाइल अल्कोहल शरीर में जाकर फार्मेल्डिहाइड (फॉर्मिक एसिड) बनाता है, यह एक ऐसा जहर है जो आंखों की रोशनी छीन सकता है या मौत का कारण बन सकता है, यह शराब पीने वाले के दिमाग के लिए भी बेहद हानिकारक है, यदि शराब में मिथाइल अल्कोहल की मात्रा 90 प्रतिशत से अधिक हो जाती है, तो वह जहरीली बन जाती है, इतनी मात्रा में मिथाइल अल्कोहल का सेवन नर्वस ब्रेकडाउन का कारण बनता है। 13 मई को बटाला में हुए शराब कांड में पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि नकली शराब बनाने के लिए इस्तेमाल 'मेथेनॉल' थोक में ऑनलाइन खरीदा गया था। मेथनॉल' एक हल्का, रंगहीन कार्बनिक रासायनिक यौगिक है, जिसे अक्सर अवैध रूप से मादक पेय पदार्थों में 'इथेनॉल' के सस्ते विकल्प के रूप में ही मिलाया जाता है।

साथियों बात अगर हम शराब पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध के बारे में समझने की करें तो,शराब पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध के बारे में क्या? क्या यह सैद्धांतिक रूप से संभव है? यदि ऐसा है, तो केंद्र सरकार शराबबंदी कैसे लागू कर सकती है? खैर, यह देखते हुए कि संविधान संघ को शराब को विनियमित करने की अनुमति नहीं देता है, (केंद्र) सरकार को दो-चरणीय प्रक्रिया का पालन करने की आवश्यकता होगी। तत्काल कदम संविधान में संशोधन करना और शराब को राज्य सूची से संघ सूची में स्थानांतरित करना होगा। इस तरह के संशोधन के लिए प्रत्येक सदन में एक विधेयक पारित करने कीआवश्यकता होगी, जिसे सदन के अधिकांश सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, जिसमें कम से कम 2/3 सदस्य उपस्थित और मतदान करेंगे। यह देखते हुए कि यह संशोधन राज्य की शक्तियों को प्रभावित करता है, इस विधेयक को कम से कम 15 राज्यों (कुल 29 राज्यों में से आधे से कम नहीं) की राज्य विधानसभाओं द्वारा भी अनुमोदित किया जाना चाहिए। क्या यह आज संभव है? इसका जवाब साफ है हां। भाजपा के पास लोकसभा में बहुमत है और 15 राज्यों में उसकी सरकार है। राज्यसभा में अभी उसके पास जरूरी संख्या नहीं है, लेकिन शराबबंदी जैसे मुद्दे पर समर्थकों का एक समूह तैयार हो सकता है।

## संपादकीय

### तुर्किये का सपना

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के चलते अब तुर्किये और अजरबैजान के साथ हमारे संबंधों में तनाव और ठहराव आने की आशंका बढ़ गई है। इन दोनों देशों ने हाल के संघर्ष में पाकिस्तान का समर्थन किया है और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सैनिकों के हमले की निंदा की थी। पाकिस्तान ने भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों पर जिस ड्रोन से हमला करने का प्रयास किया था वे तुर्किये के थे। इसके चलते भारत के व्यापारिक संगठनों, ट्रेवल एजेंसियों और शिक्षण संस्थान (जेएनयू) ने इन दोनों देशों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। भारतीयों के गुस्से को देखकर भारत इन दोनों देशों से व्यापारिक संबंध खत्म भी कर सकता है। कश्मीर मुद्दे पर अलग-अलग पड़े पाकिस्तान को तुर्की और अजरबैजान के रूप में ढांढ़स बढ़ाने वाला मित्र देश मिल गया है। 2020 में तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब ईदोगन पाकिस्तान की यात्रा पर आए थे। पहलगाम हमले के कुछ दिन पहले पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष ने इसी तरह का विचार व्यक्त किया था। ईदोगन ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के फैसले को भारत का एकतरफा कदम बताया था। आ□र्यजनक रूप से उन्होंने कश्मीर की तुलना प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान गैलीपोली में हुए संघर्ष से की थी। इस युद्ध में तुर्की के समर्थन में भारतीय उपमहाद्वीप में खिलाफत आंदोलन चला था। कांग्रेस पार्टी इसके साथ जुड़ गई थी। ईदोगन ने इसकी चर्चा करते हुए भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों द्वारा तुर्की को दिए गए समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया था। प्रकारांतर से उन्होंने पाकिस्तान को भरोसा दिलाया था कि भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों ने जिस तरीके से खिलाफत आंदोलन के जरिए तुर्की के समर्थन दिया था वैसा ही समर्थन तुर्किये भी कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को देगा वास्तव में ईदोगन पिछले कुछ वर्षों के दौरान दुनिया के विभिन्न देशों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करते रहते हैं। वह तुर्किये को इस्लामिक दुनिया का नेता बनने की फिराक में हैं। लेकिन उन्हें केवल पाकिस्तान और मलयेशिया का साथ मिला है। ईदोगन की समस्या यह है कि एक ओर वह देश में इस्लामीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहते हैं और दूसरी ओर यूरोपीय समुदाय का हिस्सा भी बनना चाहते हैं।

## चिंत-मनन

### आत्मज्ञान के लिए पात्रता

एक बार की बात है। एक धनिक सेठ एक पहुंचे हुए संत के पास पहुंचा और उनसे बोला, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना का प्रयास करता हूं। परंतु मेरा मन ध्यान में एकाग्र ही नहीं हो पाता। आप मुझे मेरे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। धनिक सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और वहां पर तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ कि एक पहुंचे हुए संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए अच्छे-अच्छे पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका बहुत स्वागत सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के पात्र में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। यह देखकर वह बोला, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो कूड़ा-करकट भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, अपितु वह भी कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। सबसे पहले पात्रता विकसित करो, तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे हैं, तो वे आत्मज्ञान को आत्मसात कैसे कर पाएंगे? एकाग्रता भी तभी बनती है, जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर धनिक सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह शुद्ध आचरण से तथा परोपकार के द्वारा पहले अपने को सुपात्र बनाएगा, ताकि उसे आत्मज्ञान सहजता से प्राप्त हो सके।

# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट



ललित गर्ग

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।


नि□ित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतें, बचकानी एवं बेतुकी हरकतें से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जवाब देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिया किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया।

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसर साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों की पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है।

चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है।

भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है। भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है।

# प्राइवेट स्कूल : मनमानी को मात देनी ही होगी



रजनीश कपूर

जो विद्यालय ज्ञान प्राप्त करने का केंद्र होते थे आज व्यापारिक दुकान बन कर रह गए हैं। 2025 में, दिल्ली के कई प्रमुख प्राइवेट स्कूलों ने बिना उचित अनुमति के फीस में भारी वृद्धि की, जिसके परिणामस्वरूप अभिभावकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए। एक सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में भारत भर में 44प्र. अभिभावकों ने स्कूल फीस में 50 से 80प्र. तक की वृद्धि की शिकायत की, जबकि 8प्र. ने इसे 80प्र. से अधिक बताया। दिल्ली में कुछ स्कूलों ने 2020 से 2025 तक 7प्र. से 45प्र. तक की वृद्धि की, जिससे वार्षिक फीस 1.4 लाख रुपये तक पहुंच गई। दिल्ली के निजी स्कूलों में फीस वृद्धि की समस्या ने अभिभावकों, छात्रों और नीति निर्माताओं के बीच चिंता का विषय बन गया है। स्कूलों का यह रवैया न केवल आर्थिक बोझ को बढ़ाता है□ बल्कि शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता पर भी सवाल उठाता है।

यह वृद्धि विशेष रूप से उन स्कूलों में देखी गई जो दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा रियायती दरों पर दी गई जमीन पर संचालित होते हैं। इन स्कूलों को गैर-लाभकारी मॉडल पर काम करना चाहिए, लेकिन कई स्कूलों ने इस नियम का उल्लंघन किया। अप्रैल 2024 में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक अंतरिम आदेश ने शिक्षा निदेशालय (डीओई) के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें इन स्कूलों को फीस वृद्धि के लिए पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता थी। इस फैसले ने स्कूलों को मनमानी वृद्धि के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे अभिभावकों का गुस्सा भड़क उठा। स्कूल प्रशासन अक्सर फीस वृद्धि को उचित ठहराने के लिए परिचालन घाटे, शिक्षकों के वेतन, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों के लिए सरकारी प्रतिपूर्ति में देरी का हवाला देता है। हालांकि अभिभावक और कार्यकर्ता इस तर्क को पारदर्शिता की कमी के कारण खारिज करते हैं। दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम और नियम (डीएसईएआर), 1973 के तहत सरकारी जमीन पर संचालित स्कूलों को फीस वृद्धि के लिए, डीओई से अनुमति लेनी होती है। हालांकि कई स्कूलों ने उच्च न्यायालय के आदेशों का लाभ उठाकर इस आवश्यकता को दरकिनार किया। इसके अलावा डीओई की ओर से स्कूलों के वित्तीय रिकॉर्ड की नियमित जांच में देरी और लापरवाही ने समस्या को और जटिल किया। फीस वृद्धि का मुद्दा राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गया है। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी एक-दूसरे पर निष्क्रियता और निजी स्कूलों के साथ सांठगांठ का आरोप लगाते हैं। दिल्ली के एक अभिभावक के अनुसार उसकी दो बेटियों की स्कूल फीस हर महीने 34,000 रुपये है, जो उसकी मासिक आय का लगभग आधा हिस्सा है। इस तरह की वृद्धि ने ज्यादातर परिवारों को वित्तीय तनाव में डाल दिया है। इसके अलावा, स्कूलों ने उन छात्रों को परेशान करना शुरू कर दिया, जिनके अभिभावकों ने बढ़ी हुई फीस का भुगतान करने से इनकार किया। कुछ स्कूलों में तो बच्चों को लाइब्रेरी में अलग-थलग कर दिया गया। कैंटीन तक पहुंच से वंचित कर दिया गया और सहपाठियों के साथ बातचीत करने से भी रोका गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसे 'अमानवीय और शर्मनाक' करार दिया और स्कूलों को शिक्षा को 'पैसे कमाने की मशीन' के रूप में उपयोग करने के लिए स्कूल संचालकों को फटकार भी लगाई। अप्रैल 2025 में, दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फीस वृद्धि की शिकायतों की जांच के लिए 600 से अधिक स्कूलों का ऑडिट शुरू किया और 11 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सरकार ने डीओई के तहत जिला-स्तरीय समितियों का गठन किया, जिन्हें उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के नेतृत्व में स्कूलों की जांच करने और 18-सूत्रीय प्रश्नावली के आधार पर अनुपालन की जांच करने का निर्देश दिया गया।



यह कितना प्रभावशाली होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। सरकार को डीएसईएआर, 1973 को और सख्त करना चाहिए और यह सुनि□त करना चाहिए कि सभी स्कूल, चाहे वे सरकारी या निजी जमीन पर हों, फीस वृद्धि से पहले डीओई से अनुमति लें। नियमित ऑडिट और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग अनिवार्यहोनी चाहिए। फीस निर्धारण समितियों में अभिभावकों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना चाहिए। महाराष्ट्र जैसे राज्यों के मॉडल, जहां दो साल में 15प्र. से अधिक वृद्धि के लिए तीन-चौथाई अभिभावकों की सहमति आवश्यक है, को लागू किया जा सकता है। फीस वृद्धि को राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय, सभी दलों को एकजुट होकर दीर्घकालिक समाधान खोजने चाहिए। अन्य राज्यों, जैसे हरियाणा और उत्तर प्रदेश, में लागू उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित समायोजन को दिल्ली में भी लागू किया जा सकता है। दिल्ली के निजी स्कूलों में फीस वृद्धि की समस्या केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। यह शिक्षा के मौलिक अधिकार को कमजोर करती है और मध्यम वर्ग के परिवारों पर अनुचित बोझ डालती है।

# नीमराना पंचायत समिति सभागार में मुंडावर विधायक ललित यादव ने आमजन की सुनी जन समस्याएं

## अधिकारियों से समस्या का समाधान करने को लेकर किया निर्देशित

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को मुंडावर विधायक ललित यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान विशेष कर बिजली पानी एवं क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर जन समस्याएं सामने आई।इस अवसर पर विधायक ने मौके पर मौजूद उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को तुरंत समाधान के लिए निर्देशित किया गया।लगभग समस्याओं का निस्तारण किया गया और बाकी समस्या के समाधान केलिए अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि जल्दी से जल्दी समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। विधायक ललित यादव ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना मुख्य उद्देश्य है। जनता परेशान न हो। जनसुनवाई के दौरान बिजली पानी सड़क संबंधित अधिकतर जन समस्याएं सामने आई अधिकारियों की उपस्थिति में काफी समस्याओं का समाधान



किया गया और कुछ समस्याओं का निदान करने को लेकर निर्देशित किया गया।
इस दौरान राजीविका के ब्लॉक नीमराना के कर्मचारी भारत भूषण कौशिक और अन्य कर्मचारियों द्वारा अधिकारी शशि बाला और उच्च अधिकारियों पर काम में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। इस दौरान विधायक ने मुख्य रूप से पानी की समस्याओं और बिजली की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया।
इस मौके पर नीमराना नगरपालिका के माजरी रोड मोहल्ले की महिलाओं द्वारा समस्या गंदे पानी के खुले नालों और पानी की लाइन लिकेज के बारे में अवगत कराया जाने पर विधायक ने अधिकारियों से तुरंत बात कर नई पाइप लाइन डालने और गंदे पानी के नालों को ढकने का आश्वाशन दिया। नाघोडी ग्रामीणों द्वारा पिछले माह जनसुनवाई की समस्या का निस्तारण का धन्यवाद दिया और शाहजहांपुर स्थित 132 केवी की नीमराना आने वाली विद्युत लाइन मरम्मत की बात की गई।
चौबारा के ग्रामीणों द्वारा विद्युत लाइन वाटर सप्लाई मोटर को रीको लाइन से जोड़ने की समस्या पर विधायक ने उचित समाधान के लिए आश्वस्त किया।
इस अवसर पर बहरोड़ कांग्रेस प्रत्याशी रहे संजय यादव,मुंडावर पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी,जिला पार्षद भीमराज यादव, जिला पार्षद संदीप फौलादपुरिया,कार्यवाहक बीडीओ निर्मल ओमप्रकाश, कार्यवाहक तहसीलदार रामनिवास गोठवाल,विद्युत विभाग सहायक अभियंता गजेंद्र सिंह यादव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहायक अभियंता रामवीर, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहायक अभियंता महेंद्र यादव, पशुपालन विभाग डॉ सतपाल सिंह, ए एस आई सतीश,उप चेयरमैन हरिसिंह सैनी व जसवंत यादव,सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर, ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान, घीलौट सरपंच परमानंद,गुगलकोटा सरपंच श्यामसुंदर यादव, जोनायचा खुर्द सरपंच अजीत सिंह, कुतीना सरपंच रविंदर चौहान ,एम पी एस संजय यादव, एम पी इस ऋषि यादव,यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अनूप यादव,पी डब्लू डी रविन्द्र यादव, एडवोकेट वेदप्रकाश सैनी, विष्णु सोनी पूर्व सरपंच, रत्न सिंह पूर्व सरपंच,एडवोकेट अजय यादव, विनोद शर्मा, अशोक मुद्गल,केशव प्रजापत, कर्मपाल चौहान, हरमेश जांगिड़, जगदीश जांगिड़, सचिन यादव, देवेंद्र यादव , अजय यादव , जगदीश जांगिड़, युवा नेता मनोज, सचिन यादव, संतोष देवी,बिरसिंह इटकान, गिर्राज सामरिया, ताराचंद नेताजी, बाबूलाल थानेदार एवं समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# मुंडावर विधायक ललित यादव ने पदमाडा खुर्द में सांस्कृतिक मंच का किया उद्घाटन

भामाशाह मोहन मेघवाल के द्वारा अपने दादा दादी की याद में बनवाया



मरुधर विशेष

**मुंडावर (रमेश चंद)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमाड़ा खुर्द के प्रांगण में शुक्रवार को सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन विधायक ललित यादव द्वारा किया गया। सांस्कृतिक मंच का निर्माण मोहन मेघवाल पुत्र सुरेन्द्र कुमार मेघवाल के द्वारा अपनी दादी सूरजी देवी एवं दादा अमर सिंह की पुण्य स्मृति में सांस्कृतिक मंच का निर्माण करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षता महंत योगेन्द्र नाथ महाराज द्वारा की गई थी। इस दौरान विधायक ललित यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की महता को लेकर हम सभी ग्रामीणों का भी दायित्व है कि शिक्षकों के साथ साथ हमे भी अपने बच्चों को समय देकर घर पर अध्ययन करवाना चाहिए। इस मौके पर जिला पार्षद भीमराज यादव, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अनूप यादव,स्थानीय सरपंच अनिल शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, राजू यादव, बीरेंद्र यादव एसीबीईओ, प्रधानाचार्य वीरेन्द्र यादव, सूबेदार रघुवीर, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष कृष्ण यादव, रामभरोश यादव पंच, रोशन पंच, मनोज यादव, संदीप एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# हनुमानगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में दूध की जांच कर रही है एमएफटीएल

## आमजन से अधिकाधिक जांच करवाने की अपील

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (एमएफटीएल) हनुमानगढ़ में विभिन्न क्षेत्रों में जाकर दूध की जांच करेगी। शहर में यह जांच 15 मई से शुरु हो गई है, जो 30 मई से जारी रहेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि विगत दिवसों में क्षेत्र में अमानक दूध की अधिकाधिक बिक्री एवं आपूर्ति की जानकारी प्राप्त हो रही है। इसी के अंतर्गत एमएफटीएल वाहन संख्या आरजे 14-जीक्यू-4775 हनुमानगढ़ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर दूध की जांच की जा रही है।




वाहन में प्रयोशाला सहायक सुभाषचन्द्र एवं पवन कुमार ने 15 मई को हाउसिंग बोर्ड एवं 16 मई को दुर्गा कॉलोनी में जाकर खाद्य सामग्री के सैम्पल लिये गये। इसके अलावा आमजन को खाद्य सामग्री में खरीदने एवं प्रयोग करने से पूर्व बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। डॉ. शर्मा ने बताया कि एमएसटीएल द्वारा 19 मई को ढिल्लो कॉलोनी, 20 मई को गांधीनगर, 21 मई को सिविल लाइन्स, 22 मई को सुरेशिया, 23 मई को बिजली कॉलोनी, 26 मई को चक ज्वालासिंहवाला, 27 मई को ड्रीमलैण्ड कॉलोनी, 28 मई को गणपति कॉलोनी एवं 30 मई को सैक्टर 12 स्थित नई खुंजा में खाद्य सामग्री की जांच की जावेगी। डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि एमएफटीएल वाहन पर दूध की जांच आवश्यक रूप से करवाएं।

# तेजी से बढ़ रही युवाओं में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या, बन रहा जानलेवा बीमारियों का कारण

## जीवनशैली में बदलाव और तनाव है प्रमुख वजह



### शरीर की धमनियों पर बढ़ता है दबाव -

जीवन रेखा हॉस्पिटल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राम चितलांगिया बताते हैं कि जब शरीर की धमनियां लचीली और साफ होती हैं, तो हृदय सामान्य दबाव में रक्त संचार करता है। लेकिन जब धमनियां सख्त या संकरी हो जाती हैं तो रक्त प्रवाह बनाए रखने के लिए दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। यही बढ़ा हुआ दबाव हाइपरटेंशन कहलाता है, जो धीरे-धीरे शरीर के कई अंगों को नुकसान पहुंचाने लगता है।

मरुधर विशेष

**जयपुर।** हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) को पहले उम्रदराज लोगों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब यह युवाओं में भी बड़ी तेजी से पांव पसार रहा है। अनियमित दिनचर्या, तनावपूर्ण जीवन, जंक फूड और शारीरिक सक्रियता की कमी इसके प्रमुख कारण बन रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार हाइपरटेंशन एक 'साइलेंट किलर' है, जो कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों की जड़ बन सकता है।

### ये बीमारियां बनती हैं हाइपरटेंशन से -

हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक: हाइपरटेंशन से दिल की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने लगता है जिससे दिल को आराम नहीं मिल पाता। इससे हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक जैसी घटनाएं हो सकती हैं।
रेटिनोपैथी: आंखों की रेटिना को नुकसान पहुंचाकर यह दृष्टि को खत्म कर सकता है।
एन्युरिज्म: हाइपरटेंशन से रक्त धमनियों में सूजन आ सकती है, जो कभी भी फट सकती है और जानलेवा हो सकती है।
मेटाबॉलिक सिंड्रोम: अगर कमर पर फैट, शुगर, कोलेस्ट्रोल और हाई बीपी जैसी समस्याएं साथ में हों, तो यह मेटाबॉलिक सिंड्रोम कहलाता है, जिससे हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।
नेफ्रोपैथी: हाई बीपी के कारण किडनी की धमनियां कमजोर हो जाती हैं और उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिससे किडनी फेल होने का खतरा बढ़ जाता है।

### समय पर जांच और संतुलित जीवनशैली जरूरी -

डॉ. राम चितलांगिया का कहना है कि हाइपरटेंशन को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। समय-समय पर ब्लड प्रेशर की जांच, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर इस बीमारी को रोका जा सकता है।

# कठूमर में विशाल रोजगार मेला 20 मई को




मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)।** कस्बे के लक्ष्मणगढ़ रोड स्थित चौधरी मैरीज होम पर पिटैप डिलिवरी सौल्यूशनश प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी गुड़गांव द्वारा 20.05.2025 को समय 10 बजे से साय 4 बजे तक विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। विशाल रोजगार मेले के आयोजक रामवीर मैनेजर ने बताया कि कठूमर क्षेत्र में पहली बार प्लेसमेंट सेमिनार आयोजित की जा रही है जिसमें बेरोजगार युवा अनपढ़ से लेकर दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, ग्रैजुएट, डिप्लोमा धारी भाग ले सकते हैं। इस मेले में गुरुग्राम, मानेसर, विशालपुर, नोएडा, फरीदाबाद आदि स्थानों पर नियुक्ति की जाएगी। जॉइनिंग बिल्कुल फ्री किसी प्रकार का चार्ज नहीं लिया जाएगा। इधर उपखंड अधिकारी श्याम सुंदर चेतीवाल के समक्ष रोजगार मेला लगाने की अनुमति के लिए रामवीर जाटव पुत्र हरवीर जाति जाटव निवासी गंजपुर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पटैप डिलिवरी सौल्यूशनश प्राईवेट लिमिटेड गुड़गांव (जिविका) कम्पनी द्वारा 20.05.2025 को समय 10 बजे से साय 4 बजे तक लक्ष्मणगढ रोड ग्लैक्सी एकेडमी के पास चौधरी मैरीज होम कठूमर में मेला लगाने की अनुमति व प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

# टेंशन ने बढ़ाया हाइपरटेंशन का खतरा - वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

मरुधर विशेष

**जयपुर।** दौड़ती-भागती जिंदगी, काम का दबाव और प्रतिस्पर्धा की होड़ में उलझे युवाओं में अब हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या तेजी से पांव पसार रही है। पहले इसे बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब यह 18 से 35 वर्ष के युवाओं को भी अपना शिकार बना रही है। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के मौके पर फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. पंकज आनंद ने इस बढ़ती समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए इसे नजरअंदाज करने के खतरों के बारे में आगाह किया।

### दिल के सिस्टम पर पड़ता है असर -

डॉ. पंकज आनंद के अनुसार, हाइपरटेंशन सिर्फ बीपी बढ़ने की बीमारी नहीं है, यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों की कार्यप्रणाली को धीमा और विकृत करने वाली खतरनाक स्थिति है। यह हृदय के उस इलेक्ट्रिकल सिस्टम को भी प्रभावित कर सकती है जो दिल की धड़कनों को नियंत्रित करता है। समय रहते इलाज न होने



पर यह स्थिति हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर और कार्डियक अरेस्ट जैसी गंभीर घटनाओं का कारण बन सकती है।

### आरामदेह जीवनशैली और तनाव भी जिम्मेदार -

डॉ. पंकज आनंद का मानना है कि आज की पीढ़ी अधिकतर समय आरामदायक माहौल में बिताती है, और शारीरिक मेहनत से कतराती है। नियमित व्यायाम की कमी, असंतुलित खानपान, धूम्रपान, शराब और मानसिक तनाव हाइपरटेंशन को जन्म देने वाले प्रमुख कारण बन चुके हैं। जो लोग मानसिक दबाव से निजात पाने के लिए गलत आदतों का सहारा लेते हैं, वे अनजाने में खुद को गंभीर खतरे में डाल देते हैं।

### कभी भी ले सकता है जानलेवा रूप -

हाइपरटेंशन की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह लंबे समय तक बिना लक्षण के रह सकता है और अचानक विकराल रूप लेकर जान तक ले सकता है। डॉ. पंकज आनंद ने बताया कि हाइपरटेंशन के कारण दिल को अधिक ताकत लगाकर ब्लड को पंप करना पड़ता है, जिससे हार्ट की मांसपेशियां मोटी हो जाती हैं और धीरे-धीरे कमजोर होकर फेल भी हो सकती हैं। इसके अलावा यह ब्रेन स्ट्रोक, ब्रेन हेमरेज, किडनी फेलियर और आंखों की रोशनी तक को छीन सकता है।

### सावधानी ही बचाव है -

डॉ. पंकज आनंद ने सुझाव दिया कि 18 वर्ष की उम्र के बाद सभी को समय-समय पर बीपी की जांच करवानी चाहिए। नमक का सीमित उपयोग, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर इस साइलेंट किलर से बचा जा सकता है।

# किशनगढ़बास में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर,पीएफ का पैसा नहीं मिलने से है नराज़

मरुधर विशेष

**किशनगढ़ बास।** किशनगढ़ बास में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है।नगर पालिका अधिकारी और अध्यक्ष के विरोध में जुलूस निकालकर हाय हाय के नारे लगाए।सफाई कर्मियों का कहना है कि जब पीएफ का पैसा नही मिलेगा तब तक काम नहीं करेंगे। सफाई कर्मचारी बुधवार से हड़ताल पर चल रहे हैं।
सफाई कर्मचारीयों का आरोप था कि उन्हें ठेकेदार पूरा पीएफ का पैसा नहीं दें रहा। करीब 2 साल से कर्मचारियों का लाखों रुपया बकाया है और ना ही समय पर उन्हें मासिक वेतन मिल रहा है। बार-बार अधिकारी और ठेकेदार झूठ बोल कर दो साल से गुमराह कर रहे हैं। सफाई कर्मीयों ने



बताया कि पीएफ का पैसा दिलाए जाने को लेकर पूर्व में कई बार अधिकारियों को लिखित में शिकायत भी कर चुके हैं। पर किसी ने हमारी शिकायत पर घ्यान नहीं दिया है। सफाई कर्मचारियों ने अनेक बार पीएफ का पैसा नहीं मिलने पर हड़ताल की ।तीन दिन हड़ताल पर रहे लेकिन हर बार अधिकारी व अध्यक्ष ने ठेकेदार से पैसा दिलाने के नाम झूठा भरोसा दिया। अब जब तक हमें हमारा पीएफ का पूरा पैसा नहीं मिल जाता हम सफाई नहीं करेंगे और ना ही किसी को करने देंगे। गोरतलब यह है कि शहर की सफाई पर नगर पालिका करीब 11 लाख रुपए महीने का भुगतान करती है फिर भी सफाई कर्मचारियों को उनका पीएफ का पैसा क्यों नहीं मिल रहा है यह एक जांच का विषय है। उल्लेखनीय रहे कि एक दिन पहले ही शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारी से मिले थे। व्यापारियों का आरोप था कि शहर में ना तो सफाई हो रही है और ना ही नालियों से गदगी निकाली जा रही है। एक-एक महीने तक बाजार की नालियां साफ नहीं होती है।

# ब्लॉक के समस्त गैर सरकारी विद्यालय ग्रीष्मावकाश में संचालन नहीं करने का आदेश किये जारी

मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कठूमर ने शुक्रवार को आदेश जारी कर ब्लॉक के समस्त गैर सरकारी विद्यालय ग्रीष्मावकाश में विद्यालय संचालन नहीं करने का पाबंद किया है।
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक अनुसार दिनांक 17.05.2025 से 30.06.2025 तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया है। इस दौरान समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अवकाश रहेगा। अगर ग्रीष्म अवकाश के दिनों में कोई भी विद्यालय इस अवधि के दौरान परिक्षेत्र के कई निजी विद्यालय संचालित होते हैं जो कि विभाग एवं राज्य सरकार के आदेशों की अवहेलना है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान यदि कोई गैर सरकारी विद्यालय संचालित पाया जाता है तो संबधित विद्यालय के विरूद्ध राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम 1989 नियम 1993 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार मान्यता व कमोन्नति प्रत्याहरित किये जाने के प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रारम्भिक को प्रेषित कर दियें जायेगें। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संस्था प्रधान की होगी।

# हाइपरटेंशन : खामोश कातिल, जो दिल को चुपचाप कर देता है कमजोर

## वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे विशेष

मरुधर विशेष

**जयपुर।** आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में एक आम लेकिन घातक बीमारी लोगों के दिलों पर छुपकर वार कर रही है हाइपरटेंशन, जिसे आम भाषा में उच्च रक्तचाप कहते हैं। यह रोग बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे हृदय को क्षति पहुँचाता है और कई बार जब तक इसका पता चलता है, तब तक यह दिल को गंभीर रूप से कमजोर कर चुका होता है। इसके अलावा हाइपरटेंशन आंखों, किडनी और मस्तिष्क पर भी बुरा प्रभाव डालता है।
इटर्नल हॉस्पिटल सांगानेर की सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सौम्यता सोमेंद्र शर्मा का कहना है कि हाइपरटेंशन दिल की



रक्तवाहिनियों पर दबाव बढ़ा देता है, जिससे दिल की दीवारें मोटी हो जाती हैं और रक्त संचार में रुकावटें पैदा होने लगती हैं। इसका सबसे गंभीर प्रभाव हृदयघात (हार्ट अटैक), हृदय विफलता (हार्ट फेल्योर) और स्ट्रोक के रूप में सामने आता है।



डॉ. सौम्यता ने बताया कि हाइपरटेंशन एक 'साइलेंट किलर' है। यह अक्सर बिना किसी दर्द या तकलीफ के वर्षों तक शरीर में सक्रिय रहता है और फिर एक दिन अचानक जानलेवा स्थिति उत्पन्न कर देता है। नियमित रक्तचाप की जांच, संयमित आहार, तनाव नियंत्रण और व्यायाम ही इससे बचाव के मूल मंत्र हैं।

### 45 वर्ष से अधिक के हर तीसरी व्यक्ति को यह समस्या -

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, 45 वर्ष से अधिक आयु के हर तीसरे व्यक्ति को उच्च रक्तचाप है। शहरों में यह स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां तनाव और जीवनशैली से जुड़ी आदतें अधिक हानिकारक हो चुकी हैं।

### लक्षणों से पहले सतर्कता जरूरी -

चक्कर आना, सिरदर्द, घबराहट या छाती में भारीपन, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण तब आते हैं जब रक्तचाप काफी अधिक हो चुका होता है। इसलिए विशेषज्ञों की सलाह है कि चाहे कोई लक्षण न हों, 30 की उम्र के बाद हर व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तचाप की जांच करवानी चाहिए।

# मंदिर के पास शराब की दुकान का महिलाओं ने किया विरोध, उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



मरुधर विशेष

**तिजारा।** कस्बे में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस थाना तिजारा और शिव मंदिर से निकट अवैध नशे का धंधा चल रहा है। वार्ड नंबर 11, फिरोजपुर रोड की महिलाओं ने बताया कि मंदिर के समीप तीन दुकानों पर शराब, अफीम और गांजे की बिक्री होती है। अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है।महिलाओं का कहना है कि यह मुख्य मार्ग है, जहां से छात्र-छात्राएं रोजाना आते-जाते हैं। नशे में धुत लोग महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा विरोध करने पर गाली-गलौच और मारपीट की धमकी दी जाती है। महिलाओं ने एसडीएम से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि नशे के कारोबार से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। स्थानीय लोगों ने रोकथाम की मांग की है।

# आईपीएल में आज केकेआर को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने उतरेगी आरसीबी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले शनिवार से फिर शुरु हो रहे है। इसमें पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच टक्कर होगी। इस मैच में आरसीबी जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है क्योंकि उसका प्रदर्शन इस सत्र में काफी अच्छा रहा है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी। वहीं दूसरी ओर गत विजेता केकेआर के 12 मैचों में 11 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है और ऐसे में अगर ये मुकाबला वह हारती है या बारिश के कारण ये रद्द होता है तो वह प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी।

आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर भी इस मैच में सभी की नजरें रहेंगी। विराट ने इसी सप्ताह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। विराट ने 9 मई को इस सत्र के स्थगित होने से पहले काफी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदार हैं। ऐसे में प्रशंसक चाहेंगे कि वह इस मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी करें। केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में उसका लक्ष्य इस सिलसिले को बनाये रखना होगा। दोनों टीमों पर नजर डालें तो आसीबी के जीतने की अधिक संभावना है। इस मैच के पहले कप्तान रजत पाटीदार के फिट होने से आरसीबी प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। आरसीबी के अधिकतर विदेशी खिलाड़ी भी उससे जुड़ गये हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं हालांकि। देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के चोटिल होने के कारण बाहर होने से उसे झटका लगा है।



आरसीबी ने पडिक्कल की जगह मयंक अग्रवाल को शामिल किया है। वहीं मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होगी। स्टेडियम में भी दर्शक उन्हें खेलते हुए देखना चाहेंगे। ऐसे में इस मैच में विराट के प्रशंसक आरसीबी की जगह टेस्ट की सफेद जर्सी में नजर आयेंगे। दूसरी ओर केकेआर की राह बेहद कठिन है। कप्तान आजिंक्य रहाणे की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर नजर आयी है। कप्तान रहाणे और अंगकृष रघुवंशी के अलावा को भी बल्लेबाज सत्र में लगातार रन नहीं बना पाया है। टीम के लिए ये मैच इस पार या उस पार वाला है इसलिए उसके सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह अब तक विफल रहें हैं और अब इन्हें इस मैच में रन बनाने होंगे। टीम को मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन बीमार होने के कारण लीग से बाहर हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**आरसीबी** = फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**केकेआर**=अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, लवनिथ सिसोदिया, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, एनरिक नॉर्किया, स्पेंसर जॉनसन।


# आईपीएल 2025 शुरू होने से पहले तिरुपति मंदिर पहुंचे संजीव गोयनका, मांगीं मन्नतें



**तिरुमाला (आंध्र प्रदेश) (एजेंसी)।** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन और लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल टीम के मालिक संजीव गोयनका और उनके परिवार ने तिरुपति तिरुमाला मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की। भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर, जो भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, भारत के सबसे अधिक दर्शन किए जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है, जो हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। संजीव गोयनका और उनके परिवार का मंदिर दर्शन भारतीय प्रीमियर लीग के इस सीजन के फिर से शुरू होने से एक दिन पहले हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। इससे पहले गुरुवार को, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव को चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष सीजन से बाहर कर दिया गया। आईपीएल ने एक बयान जारी कर इस फैसले की घोषणा की। 22 वर्षीय यादव को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ%राउरके से रिप्लेस किया है। उन्हें पीठ की चोट है।

बयान में कहा गया कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओ%राउरके को मयंक यादव के लिए चोट के प्रतिस्थापन के रूप में शामिल किया है। यादव को पीठ की चोट हुई है और वे सीजन के शेष भाग के लिए बाहर हो गए हैं। ओ%राउरके उन्हें 3 करोड़ रुपये की रिजर्व कीमत पर रिप्लेस करेंगे। राउरके ने न्यूजीलैंड के लिए 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें 28.60 की औसत से 5 विकेट लिए हैं। 38 टी20 मैचों में, उन्होंने 26.05 की औसत से 37 विकेट लिए हैं।

# इस बार आरसीबी जीतेगी आईपीएल 2025 का खिताब: कैफ



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) की टीम आईपीएल खिताब जीतेगी। कैफ का मानना है कि इस बार आरसीबी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। ऐसे में टीम के पास अपना पहला खिताब जीतने का सुनहरा अवसर है। आरसीबी के सभी खिलाड़ियों विशेषकर स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा।

इस सत्र में शुरुआत से ही आरसीबी ने जीत का सिलसिला बनाये रखा है जिससे वह 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ में अपनी जगह पक्की करने से एक जीत दूर है। कोहली वर्तमान में 505 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शामिल हैं। कैफ ने कहा कि, अगर हम एक टीम के तौर पर आरसीबी की बात करें तो वे बेहतरीन रहे हैं। मैं टीम शब्द पर जोर दे रहा हूं क्योंकि वे हमेशा से बल्लेबाजी से भारी रहे हैं। इस बार कप्तान रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। इससे टीम 170-180 के स्कोर का भी बचाव करने में सफल रही है। कोहली ने वही करना जारी रखा है जो वह सबसे अच्छा करते हैं। आईपीएल के दौरान उनका बल्ला कभी खामोश नहीं रहता है लेकिन गेंदबाजों ने उन्हें ये विश्वास दिलाया है कि वे जीत सकते हैं।

# रोहित शर्मा ने मां-बाप से करवाया वानखेड़े स्टेडियम में अपने नाम के स्टैंड का उद्घाटन

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन किया, जो भारत के वनडे कप्तान और मुंबई इंडियंस के दिग्गज खिलाड़ी को क्रिकेट में उनके विशाल योगदान के लिए सम्मानित करता है। डिवेचा पवेलियन लेवल 3 को अब रोहित शर्मा के नाम से जाना जाएगा, जिससे वह सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट जैसे क्रिकेट दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर इस स्टेडियम में स्टैंड हैं। रोहित के साथ-साथ पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर (ग्रैंड स्टैंड लेवल 4) और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार (ग्रैंड स्टैंड लेवल 3) के नाम पर भी स्टैंड समर्पित किए गए। एमसीए ने अपनी 86वीं वार्षिक आम बैठक में यह तय किया था।




पहले यह समारोह 13 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। युद्धविराम लागू होने और आईपीएल के 17 मई को फिर से शुरू होने के साथ, यह आयोजन रोहित की विरासत के भव्य उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। स्टैंड की पहली झलक, जो स्टेडियम के पूर्वी हिस्से में स्थापित की गई थी, औपचारिक अनावरण से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। रोहित, जिन्होंने 7 मई 2025 को 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया, ने इस सम्मान पर गहरी भावना व्यक्त की और इसे 'अवास्तविक अनुभव' बताया। उन्होंने अपने बचपन के संघर्षों को याद किया, जब वह अंडर-16 क्रिकेटर के रूप में वानखेड़े में प्रवेश नहीं कर पाते थे, जिससे एमसीए अधिकारियों और उनके परिवार की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि और भी मार्मिक बन गई।


रोहित का वानखेड़े से गहरा नाता है: उन्होंने इस मैदान पर 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 402 रन बनाए हैं और टी20 में 2,543 रन बनाए हैं, जिनमें से ज्यादातर मुंबई इंडियंस के लिए हैं, जहां उन्होंने फ्रेंचाइजी को 5 आईपीएल खिताब दिलाए। टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनकी कप्तानी में मिली जीत ने उनकी विरासत को और मजबूत किया, जिसके चलते एमसीए ने उन्हें उनके घरेलू मैदान पर अमर कर दिया। प्रशंसक 21 मई 2025 को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा स्टैंड से उनके लिए उत्साहवर्धन करने की उम्मीद कर रहे हैं।

# अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा : रोहित शर्मा




मुम्बई । वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया। सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा कि जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। उन्होंने कहा कि यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं। पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा कि मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा। उन्होंने अपने पूरे कैरियर में उनके लिये कई बलिदान देने वाले परिजनों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है।

# इस कारण विराट ने लिया होगा संन्यास : नासिर हुसैन



लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका प्रदर्शन हमेशा शीर्ष स्तर का रहा है। इसलिए जब उन्हें लगा कि अब वह सौ फीसदी नहीं दे सकते तो उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया। हुसैन के अनुसार किसी भी सामान्य चीज से संतुष्ट न होने की भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास के लिये प्रेरित किया होगा। हुसैन ने कहा, 'वह चैम्पियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिए बेचैन रहता है। कोहली के लिए सब कुछ जीतने के बारे में ही है। इसलिए तो लक्ष्य का पीछा करने में वह माहिर है। अगर वह 100 फीसदी नहीं दे सकता होगा तो मैदान पर नहीं उतरेगा। वह हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने ही उतरता है। हुसैन ने कहा, 'हो सकता है कि उसने संन्यास का फैसला भी इसलिए ही लिया हो। वह आम क्रिकेटर नहीं बनना चाहता। वह कुछ खास करना चाहता है। उसने भारत को वह ताकत बनाया जो वह आज है। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले 14 साल से कोहली का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उसके आंकड़े स्वयं उनके बारे में कहते हैं पर वह आंकड़ों से बहुत आगे कुछ है। उसकी शख्सियत, स्वैग और जुनून है। हम भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को जानते हैं और क्रिकेट उनके लिए बहुत मायने रखता है।

# न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हेसन बने पाक टीम के कोच



लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर माइक हेसन को अपनी सीमित ओवरों की टीम का नया कोच बनाया है। पीसीबी ने कहा है की कि हेसन पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) समाप्त होने के बाद 26 मई को टीम से जुड़ेंगे। इस वर्ष की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन से भी पीसीबी पर बेहतर कोच रखने का दबाव था। इस पद के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे, जिनमें चार विदेशी कोच शामिल थे। हेसन अभी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएएल) के गत विजेता इस्लामाबाद यूनाइटेड के मुख्य कोच हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी कोच रहे हैं। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा कि हेसन अपने साथ अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेकर आए हैं और प्रतिस्पर्धी टीमों को बेहतर तरीके से विकसित करने का उनका एक अच्छा रिकॉर्ड है। नकवी ने कहा, हम पाकिस्तान के सफेद गेंद वाले क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हेसन 2023 के बाद से पाकिस्तान टीम के कोच बनने वाले पांचवें विदेशी हैं। उनसे पहले ग्रांट ब्रैडबर्न, मिकी आर्थर, साइमन हेलमेट, गैरी कर्स्टन और गिलेस्पी भी कोच रहे थे पर इन्हें बीच में ही कामकाज छोड़ना पड़ा था। अन्य लोगों ने इस बात के संकेत देते हुए इस्तीफा दे दिया कि वे पीसीबी की कार्यप्रणाली और उनके साथ संबंधों से खुश नहीं थे। पीसीबी ने पुरुष टीम के साथ अपनी सहायक टीम में लगातार बदलाव किए हैं, जिसमें मुख्य कोच का अहम पद भी शामिल है।

# शुभमन गिल को अभी समय चाहिए, रविंद्र जडेजा बना सकते हैं कप्तान: अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारतीय टेस्ट कप्तानी के लिए अपने लंबे समय के स्पिन जोड़ीदार रवींद्र जडेजा का नाम सुझाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर गुरुवार को यह राय जाहिर की।

अश्विन ने कप्तानी के दावेदारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ स्पष्ट विकल्प हैं, लेकिन मैं रवींद्र जडेजा का नाम भी जोड़ना चाहूंगा। कप्तान या उप-कप्तान की चर्चा से पहले खिलाड़ी का प्लेइंग इलेवन में होना जरूरी है। जडेजा एक स्वाभाविक चयन हैं। उन्होंने आगे कहा कि जडेजा टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। अगर नए खिलाड़ी को दो साल तक तैयार कर कप्तान बनाया जा सकता है, तो जडेजा भी दो साल तक यह भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें उप-




कप्तान के रूप में भी आजमाया जा सकता है।

36 वर्षीय जडेजा ने 80 टेस्ट में 3,370 रन (34.74 की औसत, 4 शतक, 22 अर्धशतक) और 323 विकेट लिए हैं। हालांकि, जडेजा ने भारत के लिए किसी भी प्रारूप में कप्तानी नहीं की है। उन्होंने 2022 आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की थी, लेकिन 8 में से केवल 2 मैच जीतने के बाद बीच सीजन में एमएस धोनी को कप्तानी सौंप दी थी।

अश्विन ने शुभमन गिल को कप्तानी के लिए लोकप्रिय नाम बताया और उनकी तुलना 2003 में 22 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बने ग्रीम स्मिथ से की। उन्होंने कहा, 'अगर गिल गुजरात टाइटंस को आईपीएल प्लेऑफ में ले जाते हैं, तो उनकी कप्तानी में बदलाव आसान हो सकता है।' गिल की अगुआई में गुजरात टाइटंस 8 जीत और 3 हार के साथ 16 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

जसप्रीत बुमराह की कप्तानी पर अश्विन ने कहा कि मुझे निराशा है कि बुमराह को कप्तानी नहीं मिली। वह राष्ट्रीय संपत्ति हैं। उनकी एक बड़ी सर्जरी हो चुकी है। मुझे आश्चर्य होगा अगर वह पांच टेस्ट लगातार खेलें। उन्हें रिकवरी के लिए ब्रेक चाहिए। बुमराह ने भारत के लिए 3 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में पर्थ में 295 रनों की जीत उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# प्लेऑफ में बटलर की जगह मेंडिस गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे




मुम्बई। आईपीएल के बचे हुए सत्र में गुजरात टाइटंस की टीम को आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर के बिना ही खेलना होगा। बटलर ने इस सत्र में अब तक टीम की ओर से करीब 500 रन बनाये हैं और ऐसे में उनका प्लेऑफ के लिए नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका होगा। उनके नहीं होने से टीम को एक शीर्ष स्तर के विकेटकीपर के बिना ही खेलना होगा। अब श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस उनकी जगह लेंगे। मेंडिस को सीधे ही अंतिम 11 में जगह मिलना तय है, क्योंकि गुजरात के पास अन्य विकेटकीपर नहीं हैं। टीम के पास अन्य विकेटकीपर के तौर पर अनकैप्ड अनुज रावत ही हैं। आईपीएल 2025 के 17 मैच 17 मई से 3 जून के बीच खेला जाएगा। इस बीच इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है। जोस बटलर को दोनों सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चुना गया है। यही कारण है कि वह आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में नहीं खेल पाएंगे। गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 16 अंकों के साथ मौजूदा अंक तालिका में टॉप पर है और क्वालिफिकेशन हासिल करने से एक जीत दूर है।

# मिचेल स्टार्क देश भक्ति सबसे ऊपर, दिया आईपीएल 2025 को कोरा जवाब, एक तिहाई वेतन भी छोड़ेंगे

**सिडनी (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इनकार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जाएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जाएगी।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाए तो




जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुकाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंगलिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है।

उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

# रोहित–कोहली के संन्यास के बाद भी भारतीय टीम वापसी करेगी : मांजरेकर

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं है। मांजरेकर के अनुसार टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं जो इनकी जगह ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ियों के अलविदा कहने का समय आया तब इसी प्रकार की चिन्ता जतायी जा रही थी पर युवाओं ने अपने प्रदर्शन से उनकी कमी पूरी की जिससे भारतीय क्रिकेट ने शानदार वापसी की। मांजरेकर ने काह, 'मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना। उन्होंने लिखा, 'जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा खेलने के लिए सामने आ रहे हैं तो टीम को अच्छे खिलाड़ी मिलते रहेंगे। भारतीय टीम में जगह हासिल करना आसान नहीं होता और जो भी यहां तक पहुंचता है उसमें प्रतिभा होती ही है। मांजरेकर ने कहा, 'इसमें समय लगेगा पर डरने की जरूरत नहीं है। पहले स्टार खिलाड़ियों के जाने के बाद हमारी गेंदबाजी बेहतर हुई। यहां भी ऐसा हो सकता है। नए सितारे आएंगे और नये गेंदबाज भी। भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष टीमों में बनी रहेगी। उन्होंने कहा, ' भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम के होते हुए भी टीम को न्यूजीलैंड से 3-0 से और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। युवाओं से भरी होने वाली टीम के मारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है इसलिए वह निडर होकर खेलेगी।



# हमने ट्रेनिंग नहीं रोकी क्योंकि जानते थे आईपीएल दोबारा शुरू हो जाएगा : मनीष पांडे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा कि भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव के कारण आईपीएल के रुकने के दौरान भी टीम ने प्रशिक्षण और मैच की तैयारियों को नहीं रोका, क्योंकि उन्हें लीग के फिर से शुरू होने का पूरा भरोसा था। उन्होंने बताया कि यह छोटा ब्रेक केकेआर को अपनी लय दोबारा हासिल करने में मदद कर सकता है। केकेआर शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए करो-या-मरो का मुकाबला खेलेगी।

पांडे ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह ब्रेक ज्यादा फर्क नहीं डालता, क्योंकि पेशेवर क्रिकेटरों के तौर पर हम जानते हैं कि क्या करना है। हमें यकीन था कि टूर्नामेंट फिर शुरू होगा, भले ही समय का पता नहीं था। अच्छा रहा कि लंबा ब्रेक नहीं हुआ। हम जिम में थे, अपने खेल पर काम कर रहे थे। पूरी टीम तैयार है और हम एक शानदार मैच की उम्मीद कर रहे हैं।

आरसीबी के खिलाफ हार केकेआर की नॉकआउट की राह को बंद कर सकती है, लेकिन पांडे इसे दबाव नहीं मानते। उन्होंने कहा कि अब खोने को कुछ नहीं है। हमने सोचा था कि हम बेहतर टूर्नामेंट खेल सकते थे, लेकिन बीच में कुछ मैच हार गए। उन अहम मैचों को याद करके लगता है कि काश हमने उन्हें जीता होता। फिर भी, 2 मैच बाकी हैं और हर खिलाड़ी प्रदर्शन के लिए बेताब है।

केकेआर की इस सीजन में असंगत प्रदर्शन की वजह पिछले साल की तरह लगातार जीत न हासिल कर पाना रहा। पांडे ने कहा कि पिछले साल हम लगातार मैच जीत रहे थे, जो आईपीएल में जरूरी है। इस बार एक जीत के बाद हार का सिलसिला रहा। बल्लेबाजी ठीक रही, गेंदबाजी शानदार थी, लेकिन दोनों में थोड़ी असमानता रही। उम्मीद है, अगले साल मजबूत कोर के साथ हम फिर जीत की लय पकड़ेंगे।

पांडे ने इस ब्रेक को सकारात्मक माना, जो आखिरी दो मैचों में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने घर जाकर अपने वीडियो देखे और कमियों पर काम किया। यह ब्रेक फायदेमंद रहा। हमारी उम्मीद है कि बचे हुए दोनों मैच जीतकर हम टूर्नामेंट को शानदार अंदाज में खत्म करें।





## एकता कपूर के वीडियो ने फैंस में मचाई हलचल

हाल ही में टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अलग-अलग मूड्स में नजर आ रही हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड में क्यूंकि सास भी कभी बहू थी का आइकॉनिक ट्यून सुनाई दे रहा था, जिससे एकता ने शो से जुड़ी कुछ नई बातें शेयर करने का हिंट दिया। उनके इस वीडियो ने फैंस में भारी एक्साइटमेंट पैदा कर दिया है, और लोग इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि शायद एकता कपूर इस शो को फिर से लेकर कुछ नया करने वाली हैं। इसके अलावा, एकता कपूर को हाल ही में 51वें इंटरनेशनल एम्मी अवार्ड्स में इंटरनेशनल एम्मी डायरेक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म श्री से भी नवाजा गया है। एकता कपूर की यह सफलता साबित करती है कि उनका प्रभाव हर प्लेटफॉर्म पर बना हुआ है। हाल ही में एकता ने मुंबई में वेव्स समिट 2025 में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म टूरिज़्म पॉलिसी 2025 लॉन्च की। इस समिट में उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म इंडस्ट्री की संभावनाओं और वहां की खूबसूरत लोकेशंस को बढ़ावा देने की बात की। साथ ही, उन्होंने इस पहल के लिए वित्तीय मदद की जरूरत का भी जिक्र किया। एकता कपूर ने इस पहल के जरिए अपनी क्रिएटिविटी और दूरदृष्टि का एक और बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। बता दें कि एकता कपूर हमेशा अपनी नई और क्रिएटिव अप्रोच से चर्चा में रहती हैं। उन्होंने न सिर्फ टीवी शोज में बदलाव किए हैं, बल्कि ओटीटी और फिल्म्स में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाई है। उनका सबसे प्रसिद्ध और यादगार शो क्यूंकि सास भी कभी बहू थी आज भी भारतीय टेलीविजन का लीजेंडरी शो माना जाता है। इस शो के जरिए एकता कपूर ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी, और दशकों बाद भी यह शो भारतीय टेलीविजन की यादों में बसा हुआ है।

## 'हाउसफुल 5' के नए गाने का जादू, 'दिल ए नादान' में मस्ती और ठुमकों का संगम

फिल्म 'हाउसफुल 5' का एक और गाना 'दिल ए नादान' रिलीज हो चुका है। गाने में स्टार्स के शानदार मूव्स ने फैंस का दिल जीत लिया है। गाने को नरगिस फाकरी, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस, अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख पर फिल्माया गया है। गाना पार्टी थीम पर आधारित है, इसमें डांस के साथ-साथ मस्ती का भी तड़का है।

यह गाना टी-सीरीज के यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

इस गाने को मधुबंती बागची और सुमंतो मुखर्जी ने मिलकर गाया है। वहीं बोल कुमार ने लिखे हैं। इसके अलावा, कोरियोग्राफ आदिल शेख ने किया है। गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

यह गाना फिल्म का दूसरा म्यूजिक ट्रैक है, इससे पहले फिल्म का 'लाल परी' गाना रिलीज किया गया था। इस गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया। गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिली। इससे पहले ये दोनों कई हिट गानों में काम कर चुके हैं, जिसमें 'पार्टी ऑल नाइट', 'कुड़ी चमकीली', 'बॉस' जैसे गाने शामिल हैं। गाने में सभी कलाकार क्रूज पर नाचते-उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं।

फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डीनो मोरिया, निकितेन धीर, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर लीड रोल में नजर आएंगे। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख शुरू से ही इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। बाकी कलाकार बाद में जुड़ते गए।

'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की पहली कॉमेडी फिल्म साल 2010 में आई थी। दो साल बाद 'हाउसफुल 2' आई। इन दोनों फिल्मों को साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। 2016 में 'हाउसफुल 3' रिलीज हुई, जिसे साजिद और फरहाद ने निर्देशित किया। 2019 में 'हाउसफुल 4' पर्दे पर रिलीज हुई। इसे फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया। अब 'हाउसफुल 5' का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।





# मैं अभी शुरुआती दौर में हूं: पलक तिवारी

हाल ही में अभिनेत्री पलक तिवारी ने अपनी मां और टीवी की जानी-मानी अदाकारा श्वेता तिवारी से बार-बार की जाने वाली तुलना पर खुलकर बात की। 'किसी का भाई किसी की जान' और 'द भूतनी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं पलक का मानना है कि वह अभी करियर की शुरुआत में हैं, ऐसे में उनकी तुलना अपनी मां जैसी अनुभवी और सफल अभिनेत्री से करना सही नहीं है। पलक ने कहा कि वह अपनी मां को रोल मॉडल मानती हैं और चाहती हैं कि उनके जैसी ही शालीनता और आत्मविश्वास के साथ खुद को दर्शकों के सामने पेश करें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 卐ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इस पर चुप रहना ही बेहतर समझती हूं और मां पर ही छोड़ देती हूं। उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके बाद उनकी तुलना आधी उम्र के किसी व्यक्ति से करना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनकी तरह दिखती हूं, लेकिन मेरा सपना है कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूं।卐 'बिजली-बिजली गर्ल' के नाम से मशहूर पलक ने यह भी बताया कि यदि वह दर्शकों से अपनी मां जितना जुड़ाव बना सकीं, तो वह खुद को सफल मानेंगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी मां का टीवी इंडस्ट्री में बहुत लंबा और शानदार करियर रहा है, जबकि उनका सफर अभी शुरू ही हुआ है। पलक जल्द ही एक्शन-ड्रामा फिल्म 'रोमियो एस 3' में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने लगातार खुद को बेहतर साबित करने की कोशिश की और गुड्डू धनोआ जैसे अनुभवी निर्देशक के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात रही। 'रोमियो एस 3' 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें पलक एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए एक बड़ा अवसर है।

## द रॉयल्स में निभाए किरदार को लेकर नोरा फतेही की हो रही तारीफ




बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही द्वारा ओटीटी सीरीज़ द रॉयल्स में निभाए गए किरदार को लेकर उनकी तारीफ हो रही है। ओटीटी सीरीज में नोरा ने आयशा ढोंडी का किरदार निभाया है, अपने प्रदर्शन के लिए मिल रही तारीफों का भरपूर आनंद ले रही हैं।


इस सराहना के बीच, नोरा ने अपने प्रशंसकों के साथ एक खास पर्दे के पीछे की झलक साझा की। इन बीटीएस तस्वीरों में नोरा गुलाबी रंग की भव्य साड़ी में नजर आ रही हैं, जो शाही गरिमा और शांत शक्ति का प्रतीक बनती हैं। उनके सॉफ्ट-ग्लैम मेकअप और बारीकी से चुनी गई ज्वेलरी ने फैशन प्रेमियों और प्रशंसकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इन तस्वीरों के साथ नोरा ने दर्शकों को उनके अभिनय और किरदार को इतना अपनापन देने के लिए धन्यवाद कहा। नोरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'द बैडी, प्रिंसेस आयेशाज आइकॉनिक और खतरनाक इस मौके पर मैं उन सभी को दिल से धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिन्होंने द रॉयल्स में आयशा के रूप में मेरे प्रदर्शन को इतना प्यार और सराहना दी-यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' हालांकि नोरा की स्टाइलिंग लाजवाब थी, असली ध्यान उनके ऑन-स्क्रीन अभिनय पर था। आयशा ढोंडी के रूप में नोरा ने बेहद नियंत्रित और प्रभावशाली भावनाओं के साथ अभिनय किया। उनके हाव-भाव, बॉडी लैंग्वेज और स्क्रीन प्रेज़ेंस ने उन्हें सीरीज़ की सबसे दमदार झलकियों में से एक बना दिया। फैन-फेवरिट म्यूज़िकल सीक्वेंस 'अदाएं तेरी' को महज 45 मिनट में शूट किया गया, जिसमें नोरा और ईशान खट्टर के बीच बेहतरीन केमिस्ट्री को बखूबी दर्शाया गया, जिसे दर्शक प्योर स्क्रीन मैजिक मान रहे हैं। नोरा इस समय एक बड़ी ग्लोबल स्टार पावर के रूप में धूम मचा रही हैं। उनका हिट सिंगल स्नेक, जो जेसन डेरुलो के साथ है, 130 मिलियन व्यूज पार कर चुका है। अभिनय के मोर्चे पर, नोरा ने हाल ही में बी हैप्पी में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की और अब वह कंचना 4 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं।

## आशुतोष राणा बोले-'पृथ्वीराज चौहान' में मेरी भूमिका मेरे लिए बहुत खास है

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, 'मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।'



'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे-धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी। टीवी पर वापसी को लेकर पद्मिनी कोल्हापुरी ने पहले कहा था, 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बेहद खास है, न केवल इसलिए कि मैं शक्तिशाली भूमिका निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी कि यह लगभग 11 सालों के बाद टेलीविजन पर मेरी वापसी का प्रतीक है। टीवी पर मेरी यात्रा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ शुरू हुई, और अब इतने सालों के बाद, मैं उसी चैनल पर एक ऐसी भूमिका के साथ लौट रही हूं, जो चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है।' यह शो 4 जून को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर के लिए तैयार है।



## मुंबई छोड़कर बीकानेर में शिफ्ट हुई चारू असोपा

हाल ही में एक्ट्रेस चारू असोपा ने अपनी नाखुश शादी को खत्म कर, सिंगल मदर के तौर पर अपनी बेटी जियाना के साथ नई जिंदगी की शुरुआत की। वह मुंबई छोड़कर राजस्थान के बीकानेर में शिफ्ट हो गईं, जिससे सभी हैरान रह गए। वहीं, राजीव सेन ने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। राजीव की तस्वीरों में वह एक खूबसूरत हसीना के साथ नजर आ रहे हैं, और उनकी कैमिस्ट्री को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इन तस्वीरों और वीडियो के वायरल होते ही अफवाहें फैलने लगीं कि राजीव का नई लड़की के साथ अफेयर चल रहा है। हालांकि, इन तस्वीरों का राजीव की पर्सनल लाइफ से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, ये तस्वीरें उनके किसी प्रोफेशनल प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं, जिसमें उन्होंने प्रोजेक्ट से संबंधित लोगों को टैग किया है। बीते दिनों राजीव ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्होंने अपनी एक्स-वाइफ चारू असोपा को अपने सबसे अच्छे दोस्त से बात करते हुए पकड़ा था। राजीव ने बताया कि वे दुबई में छुट्टियां मना रहे थे, जब उन्होंने चारू को अपने दोस्त से बात करते हुए देखा। इसके बाद चारू ने राजीव को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया, और जब राजीव ने इस बारे में पूछा, तो चारू चुप हो गईं। इस पर चारू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर राजीव ने उन्हें अपने दोस्त से बात करते हुए देखा होता, तो वह जान पाते कि वे किस बारे में बात कर रहे थे। चारू ने यह भी कहा कि राजीव को अपने दोस्त का नाम बताना चाहिए, और सिर्फ झूठे आरोप नहीं लगाने चाहिए। बता दें कि सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और एक्ट्रेस चारू असोपा की निजी जिंदगी में हमेशा कुछ न कुछ हंगामा बना रहता है। राजीव और चारू का रिश्ता हमेशा उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। तलाक के बाद, दोनों अपनी बेटी जियाना के लिए फिर से साथ आए थे, और लोग यह सोचने लगे थे कि शायद वे फिर से एक साथ हो जाएंगे।

## फिल्म जेलर 2 रजकांत और राम्या निभाएगी भूमिका





अपकमिंग फिल्म जेलर 2 इन दिनों खूब चर्चा बटोर रही है। जेलर 2 में जहां रजनी और राम्या कृष्णन अपनी भूमिकाओं को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, वहीं सीक्वल में शिव राजकुमार और मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों के सुपरस्टार कैमियो करेंगे। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि डाकू महाराज फेम नंदमुरी बालकृष्ण कैमियो के रूप में सबसे नए जोड़े जा रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बालकृष्ण एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, कथित तौर पर उन्हें बहुत बड़ी रकम दी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बालकृष्ण जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि फिल्म के निर्माता, सन पिक्चर्स ने उन्हें एक छोटे शेड्यूल के लिए मोटी रकम देने पर सहमति जताई है। एक सूत्र ने बताया कि नंदमुरी बालकृष्ण ने जेलर 2 के लिए 20 दिन का शेड्यूल तय किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बालकृष्ण ने 20 दिन के शेड्यूल के लिए 50 करोड़ रुपये मांगे और निर्माता बिना किसी हिचकिचाहट के इसके लिए राजी हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की यूनिट के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि बालकृष्ण कैमियो के लिए आ रहे हैं। कथित तौर पर, उनकी भूमिका एक शक्तिशाली होगी। हालांकि, बालकृष्ण की भूमिका कैमियो से ज्यादा एक गेस्ट के तौर पर होगी, सूत्र ने ये भी दावा किया है कि फिल्म में प्रशंसकों को उनका किरदार पसंद आएगा। वहीं अगर रिपोर्ट्स की मानें तो बालकृष्ण कैमियो रोल के लिए सबसे ज्यादा पैसे लेने वाले अभिनेता बन गए हैं। गौरतलब है कि कई प्रसिद्ध अभिनेता हैं जिन्होंने फिल्मों में कैमियो के लिए एक पैसा भी नहीं लिया। चाहे पहेली में अमिताभ बच्चन हों, रॉकेट्री में शाहरुख खान, पठान में सलमान खान या किसी का भाई किसी की जान में रामचरम, इन अभिनेताओं ने बिना एक भी पैसा लिए कैमियो किया। हालांकि, सभी अभिनेता मुफ्त में कैमियो नहीं करते हैं। कथित तौर पर, अजय देवगन ने एसएस राजामौली की शानदार फिल्म आरआरआर में अपनी भूमिका के लिए 35 करोड़ रुपये लिए थे। इसके साथ ही, वो कैमियो भूमिका के लिए सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेता बने हुए हैं। वहीं आलिया भट्ट ने भी 15 मिनट के लिए राजामौली की फिल्म से 9 करोड़ लिए थे। दूसरी ओर, हुमा कुरैशी ने संजय लीला भंसाली की गंगबाई काठियावाड़ी में अपनी भूमिका के लिए 2 करोड़ रुपये लिए थे। दिलचस्प बात यह है कि उर्वशी रौतेला ने मेगास्टार चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में अपने कैमियो के लिए 3 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस ली थी।

# खाने में अमानक पाई गई खाद्य सामग्री, 12 प्रकरण एडीएम न्यायालय में किए पेश

## अनसेफ व सबस्टेंडर्ड मिले खाद्य पदार्थ, होगी कार्रवाई, आमजन बनें जागरूक

मरुधर विशेष



**हनुमानगढ़।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित रूप से सैंपल लिए जा रहे हैं। विभाग की ओर से लिए जाने वाले सैंपल्स की रिपोर्ट आने के बाद ऐसे संस्थानों के नाम व खाद्य सामग्री के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं, जो अनसेफ व सबस्टेंडर्ड मिले हैं। अप्रैल 2025 से अब तक संग्रहित किए गए खाद्य सामग्री की जांच में सबस्टैण्डर्ड पाई गई खाद्य सामग्री में 12 व्यापारिक फर्मों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया कर दिया गया है।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग एवं रफीक मोहम्मद की ओर से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल्स की रिपोर्ट आई है, जिसमें सब स्टैंडर्ड पाए जाने वालों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं ताकि आमजन जागरूक बन सकें एवं ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि पूर्व में लैब रिपोर्ट में अमानक पाए गए नमूनों के संबंध में खाद्य व्यवसायी के विरुद्ध अभियोजन पेश करने की प्रक्रिया तीव्रता से की जा रही है। इसी क्रम में हनुमानगढ़ टाउन स्थित मै. कटारिया डिपार्टमेंटल स्टोर से घी (मिल्क चीफ ब्रांड), धन्नासर जयपुर रोड से मै. बतरा होटल एंड फूड प्लाजा से पनीर, रावतसर में मै. अक्षरा आइसक्रीम से आइसकैण्डी, डूंगराना में मै. बालाजी मावा भंडार से दही, पीलीबंगा में मै. गणेश वनस्पति घी भंडार से वनस्पति, पीलीबंगा में मै. मित्तल वैरायटी स्टोर से लड्डू, रावतसर में मै. युवराज होटल एंड रेस्टोरेंट से दही, हनुमानगढ़ टाउन में मै. श्याम पनीर हाउस से दही, हनुमानगढ़ जंक्शन से मै. सालासर मावा भंडार से मावा जांच रिपोर्ट में सबस्टैण्डर्ड पाए जाने पर एवं हनुमानगढ़ टाउन स्थित मै. कृष्णा ट्रेडर्स द्वारा खुले में लाल मिर्च पाउडर एवं धनिया पाउडर विक्रय करने पर नियमों के उल्लंघन पर फर्मों के संचालकों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है।

### यहां दें जानकारी

डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्यस्तरीय व्हाट्स एप नंबर 9462819999 पर दें, ताकि जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैंपल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी शुद्ध, बिना मिलावटी और एक्सपायरी डेट आदि देखकर ही खाद्य पदार्थों का बेचान करें।

## रामपुर सीएचसी का हाल बेहालः एक डॉक्टर के भरोसे अस्पताल, ओपीडी 300 पार



मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर। क्षेत्र के रामपुर सीएचसी की हालात डॉक्टरों के खाली पदों के चलते बेहद खराब है। यहां केवल एक डॉक्टर के भरोसे अस्पताल चल रहा है जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल सीएचसी है लेकिन पीएचसी जितनी भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है जिससे ग्रामीणों को बानसूर, कोटपुतली या अलवर जाना पड़ता है। यहां डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा है लेकिन डॉक्टर नहीं होने से मरीजों की लाभ नहीं मिल रहा है। पिछले डेढ़ सालों से सीएचसी में 4 डॉक्टरों के पद खाली चल रहे है। अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं होने से भी खासी परेशानी है। सीएचसी प्रभारी डॉ.राहुल लाटा ने बताया कि रामपुर सीएचसी में मौसमी बीमारियों के चलते वर्तमान में ओपीडी 250 से 300 तक हो रही है। लेकिन यहां डॉक्टरों के 4 पद पिछले डेढ़ साल से खाली चल रहे है। विभाग के उच्च अधिकारियों को डॉक्टर के खाली पद की सूचना दी गई लेकिन डॉक्टरों कि नियुक्ति नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि रामपुर सीएचसी के क्षेत्र में 10 सब सेंटर है। ग्रामीणों ने विधायक देवीसिंह शेखावत, स्वास्थ्य विभाग मंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द रामपुर सीएचसी में डॉक्टरों के खाली पदों पर नियुक्ति की जाए। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## विधायक ने टैंट में आग लगने से हुए नुकसान का जायजा लिया, व्यापारी को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया, व्यापारियों नेअग्निशमन केन्द्र खोलने की मांग की

मरुधर विशेष





**बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर** । नारायणपुर में एक दिन पहले अलवर बाईपास पर एक टैंट के गोदाम में आग लगने से लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया था। जिसको लेकर आज विधायक देवीसिंह शेखावत ने पीड़ित व्यापारी से मुलाकात की ओर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया।

इस दौरान टैंट व्यापारी राजेंद्र छिपी ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर टैंट मालिक ने बताया कि टैंट के गोदाम में अज्ञात कारणों से गुरुवार की सुबह आग लग गई जिसमें करीब 80 लाख रूपये का सामान जलकर राख हो गया। व्यापारी का एक ही व्यवसाय था और उसके परिवार का भरण पोषण इस पर ही निर्भर था। अब कोई काम नहीं बचा है जिससे परिवार पर आर्थिक हालात खराब हो गई। जिसको लेकर व्यापारियों ने विधायक से मांग की है कि पीड़ित व्यापारी को राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलाई जाए और नारायणपुर में दमकल कार्यालय खोला जाए जिससे ऐसे हादसों में नुकसान को रोका जा सके।

व्यापारियों ने कहा कि नारायणपुर में दमकल कार्यालय नहीं होने से विराटनगर, कोटपुतली या बानसूर से दमकल की गाड़ी आने में समय लगता है। जब तक दमकल की गाड़िया पहुंचती है तब तक ऐसे हादसों में नुकसान ज्यादा हो जाता है। इस दौरान विधायक ने व्यापारियों को आश्वाशन दिया कि स्वायत्त शासन विभाग और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जल्द ही नारायणपुर में अग्निशमन केन्द्र खुलवाने की मांग की जाएगी। जिससे ऐसी घटनाओं में नुकसान को रोका जा सके।

## बानसूर के सीआरपीएफ जवान का नक्सली विरोधी अभियान में कटा पैरः गृह मंत्री अमित शाह ने की मुलाकात, 26 नक्सली को मार गोला बारूद बरामद किया, पांच जवान घायल

मरुधर विशेष





**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर ।क्षेत्र के गांव बबेरा के रहने वाले सीआरपीएफ में सिपाही की पद पर तैनात जवान जो एक आई डी ब्लास्ट में घायल हो गए। जिसमें उनका एक पैर कट गया। जवान का दिल्ली एम्स अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में ईलाज चल रहा है। जवान से मिलने के लिए गुरुवार को देश के गृह मंत्री अमित शाह ने मुलाकात की और उनके जज्बे को सलाम किया।

बबेरा के रहने वाले जवान कृष्ण गुर्जर सीआरपीएफ में बीजापुर में सिपाही के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि 10 मई को छत्तीसगढ़ में एक मिशन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एक आईडी ब्लास्ट होने से घायल हो गए। जिससे उनका एक पैर कट गया। उन्होंने बताया कि मिशन में उनकी टीम ने 26 नक्सलवादियों को मारा था और उनसे दो ट्रक गोला बारूद बरामद किया था। इसी दौरान जब मिशन पूरा कर वापस लौटते समय एक आईडी ब्लास्ट हो गया जिसने जवान कृष्ण गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गए। कृष्ण गुर्जर को दिल्ली लाया गया जहां उनका एक पैर काटना पड़ा। जिसको लेकर गुरुवार को देश के गृह मंत्री अमित शाह ने एम्स के ट्रॉमा सेंटर में पहुंचकर कर जवान कृष्ण गुर्जर से मुलाकात कर उनके जज्बे को सलाम किया।

## बाजार क्रो मिलेगी जाम से मुक्ति नपा चेयरमेन वीरेंद्र एडवोकेट



मरुधर विशेष सुनीता सैनी

**बावल** कस्बे के अति व्यस्त चौक पर लगने वाले जाम से लोगो क्रो निजात मिलने जा रही है नगरपालिका नें इसको लेकर कार्य आरम्भ कर दिया है कस्बे के भगतराम चौक और छोटुराम चौक पर लगने वाले जाम से लोगो क्रो निजान मिलने वाली है नगरपालिका प्रधान वीरेंद्र सिंह एडवोकेट नें बताया की दोनों चौक क्रो शिफ्ट करने की मंजूरी मिल गई है नगरपालिका के सदस्य गण के सहयोग से दोनों चौक क्रो स्थानांतरण करने की मंजूरी विभाग से मिली है नपा प्रधान नें बताया की दोनों चौक क्रो शिफ्ट करने मे लगभग 18लाख रूपये की लागत आएगी वर्क ऑर्डर एन्जसी क्रो जारी कर दिया है बाजार मे लोगो क्रो अब जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा आज कार्य का आरम्भ शुरू किया जा चुका है उन्होंने बताया की चौक क्रो शिफ्ट करने की मंजूरी मिलने मे दो साल का समय लग गया उन्होंने कहा कार्य मे लगभग दो महीने का समय लगेगा चौक शिफ्ट होने के बाद बाजार का दृश्य बदल जायेगा और यातायात के जाम से मुक्ति मिलेगी और लोगो क्रो भीड़भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा उन्होंने कहा जाम से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है चौधरी छोटुराम और भगतराम की प्रतिमा का भी नवीनकरण होगा और आकर्षक बनाया जायेगा बॉर्डर सिक्योरिटी फ़ोर्स नें तैनात शहीद भगतराम नें 2002मे जम्मू कश्मीर मे आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राणो की आहुति दी थी और चौधरी छोटुराम किसान कमेरे वर्ग के मसीहा माने जाते है

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

मरुधर विशेष





**हनुमानगढ़, (प्रभु राम)** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में डेंगू रोधी गतिविधियां आयोजित कर आमजन को जागरूक किया गया। इस वर्ष का थीम 'देखें, साफ करें, ढकें: डेंगू को हराने के उपाय करें' रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि डेंगू दिवस पर शुक्रवार को जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर डेंगू एवं अन्य मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लार्वा व सोर्स रिडक्शन की गतिविधियां की गई। घर-घर जाकर कूलर, टंकी आदि की जाँच कर लार्वा नष्ट किया गया। साथ ही खुले जलस्रोतों में टेमीफोस व एमएलओ डाला गया। चिकित्सा संस्थानों में लार्वा प्रदर्शन के माध्यम से आमजन को जागरूक किया व डेंगू से बचाव व रोकथाम के उपाय बताए गए। इसके अलावा आमजन को जानकारी दी गई कि मई और जून में प्रत्येक रविवार को पानी जमा न होने देने का दिन 'ड्राई-डे' मनाया जाएगा, ताकि मच्छरों के पनपने की संभावनाएं खत्म की जा सकें, इसलिए घर में साफ-सफाई रखें। चिकित्सा विभाग की टीमों ने द्वारा घर-घर सर्वे कर जांच की गई और कूलर, टंकी, परिंडे, गमले की ट्रे आदि को चैक कर मच्छरों के लार्वा नष्ट कराए गए। अभियान के दौरान बुखार के रोगियों को चिन्हित कर उनका उपचार किया गया। डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वो अपने घरों के कूलर, परिण्डे, छतों पर रखे खाली पडे टायर, बर्तन, गमले आदि जिनमें पानी भरा हुआ है, उनको नियमित खाली कर सफाई करें, जिससे मच्छरों के लार्वा पैदा न हो और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचा जा सके।

## टिब्बी के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मिड डे मील के तहत श्री कृष्ण भोग का आयोजन

### बच्चों को मिड डे मील के साथ मिठाई व फल किए वितरित

मरुधर विशेष



**हनुमानगढ़, (प्रभु राम)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदेशानुसार सरकारी स्कूलों में मिड-डे-मील के तहत श्री कृष्ण भोग के आयोजन किया जाता है। इसी सिलसिले में टिब्बी कस्बे के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शुक्रवार को श्री कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के स्टूडेंट्स को मिड-डे-मील भोजन के मिठाई व फल वितरित किए गए। गौरतलब है कि श्री कृष्ण भोग योजना राजस्थान के सरकारी स्कूल भोजन में खीर, पूड़ी और हलवा लाती है इस योजना के अनुसार, स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक मिलकर अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित और संपन्न व्यक्तियों की सूची तैयार कर करते हैं तथा ये व्यक्ति विशेष अवसरों पर बच्चों को विशेष भोजन उपलब्ध कराने में योगदान देते हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश कुमार भाटी ने बताया कि आज सत्र 2024-25 के तहत आज अंतिम कार्य दिवस था इस अवसर पर सभी स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तथा विद्यालय में श्री कृष्ण भोग का आयोजन किया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते आज से छुट्टियां होने से बच्चे खुश नजर आए । 17 मई से 30जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। अवकाश के दौरान स्टूडेंट्स को पुस्तकालय की ओर से ज्ञानवर्धक कहानी, कविताओं की पुस्तकें दी गई साथ ही होमवर्क करते हुए नियमित तीन चार घंटे पढ़ाई से जुडे रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं स्टूडेंट्स को कहना है कि आज विद्यालय में श्री कृष्ण का भोग का आयोजन किया गया। भोजन के साथ उन्हें मिठाई और फल वितरित किए गए। आज से ग्रीष्मकालीन अवकाश मिलने से वे बेहद खुश हैं क्योंकि अब मौज मस्ती, घूमने फिरने का आंनद लेंगे। साथ ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसको लेकर भी बच्चे खा़सा उत्साहित नजर आए।

## शाहजहांपुर में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के पराक्रम को लेकर सर्व समाज के द्वारा निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

### भारतीय सेना के पराक्रम को किया सलाम






मरुधर विशेष

**शाहजहांपुर (सुनील मेघवाल)** शाहजहांपुर कस्बे में सर्व समाज के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करने के लिए शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। समाजसेवी गिर्राज यादव ने बताया कि सर्व समाज के द्वारा शुक्रवार को भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करते हुए बिजवाड़ चौहान मोड बस स्टैंड से प्रमुख मार्गो से होते हुए करीब 4 किलोमीटर लंबी तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। तिरंगा सूर्य यात्रा को बिजवाड़ मोड बस स्टैंड से पुराना बस स्टैंड मीना मोहल्ला बाजार करीब 4 किलोमीटर लंबी तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। तिरंगा शौर्य यात्रा में स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया। यात्रा के दौरान बच्चों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथ में लेकर, देशभक्ति नारे एवं डीजे पर देशभक्ति गाने एवं बंद की धुन पर तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों का खात्मा किया। भारतीय सेना को लोगों के द्वारा सलाम करते हुए सम्मान में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। तिरंगा शौर्य यात्रा के दौरान समाजसेवी गिर्राज यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी जगमाल सिंह यादव, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव, दीपक यादव, पूर्व सरपंच शैतान सिंह मीणा, कांग्रेस एस सी ब्लॉक अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, जिला पार्षद संदीप फौलादपुरिया, दिनेश सेन, रतनलाल सैनी, विक्रम ठेकेदार सहित काफी संख्या में कस्बे के लोग एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## डाबड़वास महात्मा गांधी स्कूल में शिक्षक अभिभावक की बैठक आयोजित

### उत्कृष्ट परिणाम देने वाले बच्चों को चॉकलेट देकर किया सम्मानित



मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय डाबड़वास में शुक्रवार 16मई को परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई और मेगा शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें विशेष रूप से कक्षा 1 से 4 के अध्यापक शालू , पूजा यादव, शकुन्तला निर्वाण, वीरसिंह यादव ने विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित कर अच्छे रिजल्ट की बधाई दी और हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड वितरित करते समय कैप पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शर्मिला यादव ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को नामांकन वृद्धि में सहयोग हेतु प्रेरित किया।

## पोखर में मृत मछलियों को जेसीबी से गड्ढा खुदवा कर दफनाया



मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)।** कस्बे में मसारी रोड स्थित सरकारी विद्यालय के एक पोखर में हजारो की संख्या में मौजूद मछलियों की मौत के बाद शुक्रवार प्रातः एसडीएम श्याम सुंदर चेतीवाल के निर्देश पर ईओ नरसीलाल मीणा के देखरेख में नगर पालिका के कर्मचारियों ने मछलियों को जेसीबी से गड्ढा करवा कर दफनाया। नगर पालिका कठूमर के कनिष्ठ अभियंता मुकेश मीणा ने बताया कि एसडीएम के आदेश अनुसार कठूमर कस्बे की मसारी रोड स्थित बंद वाली पोखर में दूषित पानी होने के कारण तालाब में हजारों की संख्या में मछलियां मर गईं। जिससे बदबू इतनी तेज है कि पोखर के पास से गुजरना मुश्किल हो रहा था, ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की। इधर नगर पालिका प्रशासन ने मत्स्य विभाग अलवर को मृत मछलियों की सूचना दी लेकिन कोई जवाब नहीं आने पर नगर पालिका कर्मचारियों ने मछलियों को गड्ढा खोदकर दफनाया गया। इस मौके पर कनिष्ठ लिपिक मुनेश मीणा, विक्रम सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## यूआईटी ने मोती डूंगरी पर पंच धातु की महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाई,मुख्यमंत्री करेंगे अनावरण



मरुधर विशेष

**अलवर।** नगर विकास न्यास, अलवर की ओर से मोती डूंगरी स्थित महाराणा प्रताप पार्क में महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया है।19 मई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसका अनावरण करेंगे।मंत्री संजय शर्मा और युआईटी एक्सईएन कुमार सम्भव अवस्थी ने मौके का निरीक्षण किया।न्यास ने दीवारों पर शानदार पेंटिंग बनाई है।इसके अलावा फव्वारे और पौधे लगाकर आकर्षक बनाया गया है। सनद रहे नगर विकास न्यास अलवर के द्वारा मोती डूंगरी पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने की न्यास बैठक में गत 7 मार्च 2024 को 50 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। सम्भागीय आयुक्त जयपुर के द्वारा 3 सितंबर 2024 को प्रतिमा स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। यह प्रतिमा पंच धातु की है। जिसमें मुख्यतः 85 प्रतिशत कॉपर एवं 15 प्रतिशत जिंक लैड एवं अन्य धातु शामिल है। इसकी ऊंचाई 12'6" एवं वजन 2200 किलोग्राम है।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732